चैत्र नवरात्रि की हार्दिक शुभकामनाएं
मिलते-जुलते नामों, डिज़ाइन व कलर स्कीम से भ्रमित न हों
केवल असली होलोग्राम युक्त एम. के. बन्धानी हींग ही खरीदें
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
पुण्यश्लोक गोलोकवासी बाबू किशोर चन्द कपूर "किशोर" जी के आशीर्वाद से अभिसिंचित एवम् संचालित
एम. के. बन्धानी हींग
श्री के. एम. डिस्ट्रीब्यूटर
विक्रय केन्द्र : नारायन प्लाजा, 51/71 नयागंज कानपुर 208001, फोन – 9519456555, 9695416555

## षष्ठम कात्यायनी



कात्यायनी नवदुर्गा या हिंदू देवी पार्वती शक्तिद्ध के नौ रूपों में छठवां रूप हैं। कात्यायनी अमरकोष में पार्वती के लिए दूसरा नाम है। संस्कृत शब्दकोश में उमा, कात्यायनी, गौरी, काली, शाकुम्भरी व ईश्वरी इन्हीं के अन्य नाम हैं। शक्तिवाद में उन्हें शक्ति या दुर्गा, जिसमें भद्रकाली और चंडिका भी शामिल हैं में भी प्रचलित हैं। देवी कात्यायनी की पूजा से बृहस्पति ग्रह मजबूत होता है।
बीज मंत्र...
**माँ कात्यायनी: क्लीं श्री त्रिनेत्रायै नमः**

# अयोध्या परिक्षेत्र में होगी 350 महिला परिचालकों की भर्ती

## चयनित महिलाओं को सात दिन के प्रशिक्षण के बाद मिलेगी गृह जनपद में तैनाती

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** अयोध्या परिक्षेत्र में 350 महिला परिचालकों की भर्ती होगी। इसके लिए 28 मार्च को अयोध्या धाम बस स्टेशन परिसर में स्थित क्षेत्रीय प्रबंधक के कार्यालय में भर्ती मेला लगेगा। चयनित महिलाओं को सात दिन के प्रशिक्षण के बाद गृह जनपद में तैनाती दी जाएगी।

अयोध्या परिक्षेत्र के क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी और सरल रखा गया है। अभ्यर्थियों का चयन इंटरमीडिएट में प्राप्त अंकों के आधार पर मेरिट बनाकर किया जाएगा। इसके साथ ही सीसीसी (कंप्यूटर) प्रमाणपत्र अनिवार्य होगा। बताया कि एनसीसी 'बी' प्रमाणपत्र, एनएसएस व भारत स्काउट एवं गाइड के राज्य या राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त अभ्यर्थियों को मेरिट में पांच प्रतिशत अतिरिक्त वेटेज दिया जाएगा। इससे प्रतिभावान और अनुशासित अभ्यर्थियों को प्राथमिकता मिल सकेगी। सबसे खास बात यह है कि चयनित महिला अभ्यर्थियों को उनके गृह जनपद के तहत आने वाले डिपो में ही तैनाती दी जाएगी। इससे उन्हें दूर-दराज जाने की परेशानी नहीं होगी। बताया कि 28 मार्च को उनके कार्यालय पर भर्ती मेला लगेगा। इच्छुक महिलाएं इसी दिन आवश्यक कागजात के साथ सुबह 10 बजे उपस्थित हो सकती हैं।

- क्षेत्रीय प्रबंधक कार्यालय में भर्ती मेला 28 को



## रामनवमी मेले में होगा 120 मेला स्पेशल बसों का संचालन

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनवमी मेले के दौरान परिवहन निगम द्वारा 120 मेला स्पेशल बसों का संचालन किया जाएगा। इनका संचालन आज 24 से 28 मार्च तक होगा। इसके लिए बालू घाट पर अस्थायी बस स्टेशन बनाया गया है। इसका प्रभारी अयोध्या डिपो के वरिष्ठ केंद्र प्रभारी सुशीला देवी को बनाया गया है। साथ ही बुकिंग क्लर्क समेत अन्य कर्मचारियों की तैनाती कर दी गई है। अयोध्या डिपो के एआरएम आदित्य प्रकाश को मेलाधिकारी बनाया गया है। इस मेले में आसपास के जनपदों से भारी संख्या में श्रद्धालु अयोध्या पहुंचते हैं। इसको देखते हुए परिवहन निगम ने गोंडा के लिए 50, बस्ती मार्ग पर 40, अंबेडकरनगर मार्ग पर 10, लखनऊ मार्ग पर 10 व सुल्तानपुर मार्ग पर 10 बसों का चलाने की तैयारी की है। इसके अलावा देवीपाटन परिक्षेत्र के गोंडा व बहराइच डिपो, गोरखपुर परिक्षेत्र के गोरखपुर, बस्ती व सिद्धार्थनगर से भी आवश्यकतानुसार बसों का संचालन किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक विमल राजन ने बताया कि सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं। भीड़ की मांग पर तत्काल संबंधित मार्ग के लिए बस उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए हैं।

## गंभीर चोट पहुंचाने में चार दोषी, पांच साल की सजा

**अयोध्या, अमृत विचार:** गंभीर चोट पहुंचाने के एक मामले में कोर्ट ने चार आरोपियों को दोषी पाते पांच साल के कारावास की सजा से दंडित किया है। प्रत्येक पर साढ़े आठ हजार जुर्माना भी हुआ है। फैसला अपर जिला जज इंद्रजीत सिंह की अदालत से सोमवार को हुआ। सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता अभय वैश्य ने बताया कि घटना पूरा कलंदर थाना क्षेत्र के लक्ष्मणपुर मजरे सनेथू की है। इसी गांव के रहने वाले रामनवमी ने रिपोर्ट लिखाई थी कि रंजिश के चलते उनके गांव के सीताराम यादव, मुलायम गिरिजा प्रसाद यादव व सोनू यादव ने 9 अप्रैल 2016 को मेरे पुत्रों संदीप पाल व विक्रम पाल को पीटने लगे। गुहार पर वादी और उसकी पुत्री संगम पाल पहुंची तो उन पर भी हमला बोल दिया, जिससे संगम का सिर फट गया व हाथ टूट गया। गंभीर चोट पहुंचाने तथा आपराधिक मानव वध के प्रयास की धारा में दर्ज की गई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने गंभीर चोट पहुंचाने का मामला पाते हुए चारों को सजा से दंडित किया।



# सूर्य की किरणें करेंगी रामलला का तिलक

## रामनवमी पर दोपहर 12 बजे चार मिनट तक सुशोभित होगा ललाट

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** श्रीराम मंदिर के गर्भगृह में रामलला के जन्मोत्सव पर विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रों के साथ अभिषेक का आयोजन किया जाएगा। सुबह 9 बजे पुजारियों का दल षोडशोपचार पूजन के साथ अभिषेक संपन्न करेगा। जिसके बाद रामलला का दूध, दही, पंचामृत, सरयू का जल, गंधोधक और सुगन्ध द्रव्य से अभिषेक किया जाएगा। दोपहर ठीक 12 बजे सूर्य की किरणें रामलाला के ललाट (माथे) पर तिलक करेंगी। जिसका लाइव प्रसारण किया जाएगा।

राममंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने सोमवार को बताया कि रामनवमी पर 27 मार्च को दोपहर 12 बजे भगवान सूर्य अपने कुल में पैदा होने वाले बालक श्रीरामलला को तिलक करेंगे। सूर्य की किरणें चार मिनट के लिए उनके ललाट पर आएंगी। कहा कि इसरो की संस्था इंस्टीट्यूट ऑफ फिजिक्स रुड़की ने आकाश की गतिविधियों का अध्ययन किया है कि सूर्य की किरणें कैसे आएंगी। इसके लिए संस्था ने सफल प्रयोग किया। जिसके आधार पर बेंगलुरु की संस्था ऑप्टिका ने यंत्र को तैयार किया। जिसे राम मंदिर पर लगाया गया हैं।

उन्होंने वैज्ञानिकों के प्रयोग की जानकारी देते हुए बताया कि पृथ्वी और सूर्य की अवस्था हर पल बदलती है। इस यंत्र को भी इसी तरह से लगाया गया है कि रामनवमी के दिन यह यंत्र अवस्था के अनुरूप काम करे। ऑप्टिका संस्था ने अपने यंत्रों का अध्ययन कर लिया है। कहा कि यंत्रों के माध्यम से सूर्य की किरणें प्रवर्तन होते हुए गर्भगृह में पहुंचेगी। कहा कि वैज्ञानिकों के द्वारा लगाया गया उपकरण आधुनिक तकनीक से लैस है। कहा कि 19 वर्षों बाद सूर्य और पृथ्वी फिर उस स्थिति में होंगे, जिस स्थिति में वर्ष 2024 की रामनवमी के अवसर पर थे।



**होगा लाइव प्रसारण, पुजारियों का दल करेगा षोडशोपचार पूजन**

राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रामलला।

### मठ मंदिरों में श्रीरामलला के जन्मोत्सव की धूम

रामनगरी में भगवान श्री रामलला का जन्मोत्सव बड़े उल्लास से मनाया जा रहा है। मठ-मंदिरों में चल रहे उत्सव से भक्तों को त्रेता युग का एहसास जागृत हो रहा है। अंतिम दिन 27 मार्च को भगवान श्रीराम के जन्मोत्सव का भव्य आयोजन होगा। जिसको लेकर आकर्षक रंग रंग-बिरंगे लाइटो व फूलों से मंदिरों सजाया गया है। मठ-मंदिरों में मंगलहारी गीत गूंज रहे हैं। प्राचीन कनक भवन मंदिर, दशरथ महल, मणिराम दासछावनी, राम हर्षण कुंज, चारु शिला मंदिर, जानकीमहल, राम बल्लभा कुंज समेत अन्य मंदिरों में उत्सव की छटा बिखर रही है। यहां आने वाले श्रद्धालु उत्सव में शामिल होकर भाव विभोर भी हो रहे हैं। वहीं इस उत्सव में पारंपरिक रामनवमी मेला का आयोजन भी सम्पन्न हो रहा है।

## गैस आपूर्ति से बाधित हों रहे भंडारे : महंत परशुराम

**अयोध्या, अमृत विचार :** रामनवमी उत्सव पर मंदिरों में होने वाले भंडारे के आयोजन प्रभावित हो रहे हैं। यह आरोप है अखिल भारतीय पंच तेरह भाई त्यागी खांक चौक तथा संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत परशुराम दास ने लगाया है। कहा कि प्रति वर्ष अष्टमी व नवमी तिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन किया जाता है। श्रद्धालुओं को प्रसादरूप भोजन प्रदान किया जाता है। इस वर्ष गैस आपूर्ति में व्यवधान के कारण भंडारा आयोजन संकटग्रस्त हो गया है। हलवाई वर्ग लकड़ी पर भोजन निर्माण के लिए सहमत नहीं है, जिससे वैकल्पिक व्यवस्था भी निष्प्रभावी सिद्ध हो रही है। आरोप लगाया है कि गैस की कालाबाजारी की जा रही है। उन्होंने प्रशासन से धार्मिक आयोजनों एवं सेवा कार्यों को महत्व देते हुए गैस की समुचित व्यवस्था कराए जाने की मांग की है।



संकट मोचन हनुमान मंदिर के महंत परशुराम दास।

## दो दिन के दौरे पर पहुंचे हरियाणा के राज्यपाल आशिम घोष



एयरपोर्ट से बाहर निकलते हरियाणा के राज्यपाल आशिम घोष।

**अयोध्या, अमृत विचार :** हरियाणा के राज्यपाल आशिम कुमार घोष दो दिवसीय धार्मिक यात्रा पर सोमवार को अयोध्या धाम पहुंचे। पहले दिन हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन के सरयू तट पर आरती में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लंबे कार्यकाल को लेकर कहा कि मोदी जी ने देश को एक नई पहचान दी है। गुजरात के भुज में और कच्छ में भूकंप के छह महीने के अंदर ही दुबारा खड़ा किया, गुजरात,सूरत की कनेक्टिविटी आज बेहतर हुआ है। वहरात्रि विश्राम के बाद मंगलवार सुबह रामलला के दर्शन करेंगे।

## हादसे में बाइक सवार की मौत, एक गंभीर

**मवई, अयोध्या, अमृत विचार।** थाना पटरंगा अंतर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग से लिंक रोड भेलसर-टिकैतनगर मार्ग पर ग्राम पासिन पुरवा गांव के पास सोमवार शाम पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने पिकअप वाहन को रोककर तत्काल पुलिस को सूचना दी। पटरंगा पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खैरनपुर, रुदौली पहुंचाया। जहां प्राथमिक उपचार के दौरान पासिन पुरवा निवासी ठाकुर प्रसाद (37) पुत्र विश्राम की मौत हो गई, जबकि दूसरे घायल रामबाबू निवासी दत्तपुरवा थाना दरियाबाद का इलाज जारी है। थाना प्रभारी शशिकांत यादव ने बताया कि वाहन कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया गया है। मृतक के परिजनों की ओर से तहरीर मिलने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## रामनवमी मेला : एक मैसेज पर बंद हो जाएगा बाहरी वाहनों का प्रवेश

अयोध्या कार्यालय।

- भीड़ बढ़ने पर रामपथ, धर्मपथ पर नहीं चलेंगे किसी प्रकार के वाहन, यातायात प्रबंधन को लेकर प्लान तैयार

**अमृत विचार :** रामनवमी मेले के दौरान भारी भीड़ उमड़ने की संभावना को देखते हुए प्रशासन ने यातायात प्रबंधन को बेहतर करने की योजना बना ली है। भीड़ ज्यादा होने पर व्हाट्स एप पर एक मैसेज से रामनगरी में बाहरी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित हो जाएगा। साथ ही रामपथ व धर्मपथ पर वाहनों के चलने पर भी प्रतिबंध लगा दिया जाएगा।

एक अनुमान के अनुसार रामनवमी के दिन 20 लाख से अधिक श्रद्धालु जुट सकते हैं। इस दौरान सुगम यातायात के लिए सभी आवश्यक पहलुओं पर विचार कर उसे अंतिम रूप दिया जा रहा है। तैयारी इस तरह की है भीड़ ज्यादा होने पर रामपथ पर टेढ़ी बाजार चौराहे से लता चौक होते हुए धर्मपथ पर वाहनों का प्रवेश रोक दिया जाएगा। रास्ता बंद करने व खोलने के लिए पुलिस व यातायात पुलिस के व्हाट्स एप ग्रुप पर सिर्फ एक मैसेज आएगा। यही नहीं किसी इलाके में ज्यादा भीड़ है या वाहनों से जाम लग रहा है, मौके पर तैनात अधिकारी व कर्मी द्वारा ग्रुप पर मैसेज डालने पर तत्काल अतिरिक्त सहायता भी पहुंचेगी। अस्थायी पार्किंग फुल होने पर भी एक मैसेज पर वाहनों को दूसरी पार्किंग की ओर डायवर्ट किया जाएगा।

एसपी यातायात एपी सिंह ने बताया कि सभी बैरियर पर सुरक्षा बलों के साथ यातायात पुलिसकर्मी भी तैनात रहेंगे। केवल स्थानीय वाहनों, पासधारकों और आवश्यक सेवाओं को ही प्रवेश की अनुमति रहेगी। इस बार श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए गोल्फकार्ट वाहनों को सीमित संख्या में चलने की अनुमति देने पर भी विचार हो रहा है। व्यवस्था के लिए गैर जनपद से यातायातकर्मियों को बुलाया गया है।

### न्यूज ब्रीफ

### पॉइंट्समैन लालबाबू सम्मानित

**अयोध्या, अमृत विचार।** उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल में यात्रियों की सुरक्षा एवं रेल परिचालन में सतर्कता को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए फरवरी 2026 माह के दौरान उत्कृष्ट संरक्षा कार्य करने वाले सात कर्मचारियों को डीआरएम लखनऊ सुनील कुमार वर्मा द्वारा सोमवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें अयोध्या धाम रेलवे स्टेशन के पॉइंट्समैन लालबाबू भी शामिल हैं। लखनऊ में आयोजित समारोह में डीआरएम ने कर्मचारियों की सजगता एवं कर्तव्यनिष्ठा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसी सतर्कता से संभावित दुर्घटनाओं को रोका जा सकता है। उन्होंने सभी पुरस्कृत कर्मचारियों को बधाई देते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार सतर्क एवं समर्पित होकर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

### संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक अप्रैल से

**अयोध्या।** कलेक्ट्रेट सभागार में सोमवार को जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान बताया गया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान दो चरणों में चलेगा। पहला चरण एक से 30 अप्रैल तक व दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल तक चलेगा। बैठक में जिले को क्षय रोग से मुक्त करने के अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी केके सिंह, सीएमओ डॉ. देवेंद्र कुमार भिटौरिया, जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेश सिंह, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय चौधरी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. आशुतोष, डॉ. दीपक, एपिडेमोलॉजिस्ट डॉ. अरविंद व अन्य मौजूद रहे।

### टेंपल म्यूजियम निर्माण को लेकर डीएम ने की बैठक

**अयोध्या।** डीएम निखिल टीकाराम फुंडे ने टेंपल म्यूज़ियम के निर्माण को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट में बैठक की। डीएम ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि म्यूजियम का निर्माण कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण कराया जाए, ताकि यह धार्मिक एवं सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करने का प्रमुख केंद्र बन सके। बैठक में नगर आयुक्त जयेंद्र कुमार, उपायुक्त प्राधिकरण अनुराज जैन, एडीएम (एफ/आर) अमित कुमार भट्ट, डीडी पर्यटन ब्रजेश पाल सिंह आदि मौजूद थे।



फिल्म अभिनेता मुकेश खन्ना को स्मृति चिह्न देते महापौर गिरीश पति त्रिपाठी।

### महाभारत टीवी सीरियल के भीष्म पहुंचे अयोध्या

**अमृत विचार :** महाभारत टीवी सीरियल में भीष्म का किरदार निभाने वाले कलाकार मुकेश खन्ना सोमवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम में शहीदों को श्रद्धांजलि दी। अयोध्या में दर्शन पूजन किया। अयोध्या के महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वह शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के बलिदान दिवस पर संग्राम फाउंडेशन द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रेसक्लब में पहुंचे थे। उन्होंने यहां जय हिंद हस्ताक्षर अभियान की शुरुआत की। अभिनेता खन्ना ने बताया कि पहले भी उन्हें राम मंदिर आने का निमंत्रण मिला था, लेकिन वे नहीं आ पाए। इस बार शहादत दिवस पर अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने आए। उन्होंने रामलला का दर्शन-पूजन किया। जय श्री राम को उन्होंने उन्होंने अयोध्या का संदेश बताया। अभियान के तहत क्रांतिकारियों की स्मृति को सम्मान देने की मांग उठाई गई।शहीदों के नाम पर सड़कों, चौक-चौराहों के नामकरण की सरकार से अपील की। कार्यक्रम में फाउंडेशन के अध्यक्ष गोपाल सिंह और राष्ट्रीय सचिव दीपक कुमार त्रिपाठी के साथ कई अन्य गणमान्य लोग भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

# श्रीराम कथा के प्रसंग से सजा राम मंदिर

अयोध्या कार्यालय।

- राजस्थान के लाल पत्थरों पर थ्री डी म्यूरल किया स्थापित

**अमृत विचार:** राम मंदिर में रामलला के दर्शन करने के बाद मंदिर की परिक्रमा करते हुए श्रद्धालु श्रीराम कथा का भी अनुभव कर सकेंगे। इसके लिए मंदिर के लोअर प्लीथ पर रामायण के प्रसंगों पर थ्री डी म्यूरल को स्थापित किया गया है। राजस्थान के लाल पत्थरों पर लगभग 80 म्यूरल बनाए है।

राम मंदिर परिसर में स्थापित किये जा रहे म्यूरल में दशरथ उत्कृष्टि यज्ञ, श्री राम जन्म, वशिष्ठ द्वारा नामकरण और शिक्षा संस्कार, ताड़का वध हा अहिल्या उद्धार, सीताराम विवाह, परशुराम संवाद, वनवास, सूर्पनखा प्रसंग, श्री राम का सुग्रीव मिलन, बालि वध, सीता खोज, हनुमान लंका दहन, लंका दहन, रामसेतु निर्माण, कुंभकरण वध, रावण वध, लंका विजय और श्री राम राज्याभिषेक तक के गाथा को उकेरा गया है।

राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय के मुताबिक मंदिर परिसर की सुंदरता और भव्यता बढ़ाने में ये थ्री-डी म्यूरल विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। इन्हें देखकर आगंतुकों को ऐसा लगेगा मानो वे स्वयं रामायण काल में प्रवेश कर चुके हों। राम मंदिर के लोअर प्लिंथ का यह सजावटी कार्य न केवल स्थापत्य कला का उदाहरण है, बल्कि भगवान श्रीराम के जीवन चरित्र का जीवंत प्रदर्शन भी कर रहा है।



श्रीराम जन्मभूमि मन्दिर के लोवर प्लिंथ में उकेरे गए रामायण प्रसंग के भितिचित्र की फोटो।

# समाधान दिवस में अनुपस्थित अधिशासी अभियंता का रोका वेतन

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार:** संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम निखिल टी. फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने सोमवार को लोगों की समस्याएं सुनी। निस्तारण का निर्देश दिया। सोहावल प्रतिनिधि के मुताबिक डीएम ने धमसादीन निवासी पिरखौली द्वारा पॉवर कॉर्पोरेशन के विरुद्ध 47वीं बार की गई शिकायत की पूछताछ पर गैरहाजिर मिले अधिशासी अभियंता रोहित जैन का वेतन रोकने का निर्देश दिया। भाकियू नेता फरीद अहमद ने करोड़ों रुपये की लागत से कागजों में बन कर तैयार हुई पानी की टंकी आज तक न चलने वाली पुराने पानी टंकी की शिकायत की जांच पर जल निगम के अभियंता को कड़ी फटकार लगाई। पूरी जांच रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। जिले के दोनों अधिकारियों के सामने शिकायत दर्ज कराने वालों में सबसे ज्यादा राजस्व विभाग के मामले रहे। जिन्हें टीम बनाकर जांच करने का निर्देश दिया गया। दिवस में उप जिलाधिकारी सविता , सीओ सदर अरविंद सोनकर, सीएमओ डॉ. देवेन्द्र कुमार, नायब तहसीलदार रेशू जैन सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे। कुल 140 शिकायतें आई। इनमें चार का मौके पर निस्तारण किया गया।

सदर तहसील में आयोजित समाधान दिवस एसडीएम आरपी त्रिपाठी ने शिकायतें सुनी।कुल 69 शिकायतें आई।इनमें से चार का मौके पर निस्तारण किया गया। यहां तहसील स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बीकापुर प्रतिनिधि के मुताबिक तहसील सभागार में सोमवार को मुख्य राजस्व अधिकारी गजेंद्र प्रसाद की अध्यक्षता में समाधान दिवस का आयोजन किया गया। कुल 70 शिकायतों में से 10 का मौके पर निसातरण किया गया। तोरोमाफी के प्रहलाद की शिकायत थी कि ग्राम पंचायत में स्थित सरकारी बंजर खाते की भूमि गाटा संख्या 1922 पर 84 कोसी परक्रमा मार्ग के निर्माण की आड़ में अवैध खनन किया गया है। सीआरओ ने एसडीएम को जांच करके कार्रवाई का निर्देश दिया। दिवस में एसडीएम श्रेया, तहसीलदार दिनेश कुमार, सीओ पीयूष, एसडीओ विद्युत संदीप कुमार यादव, खंड शिक्षा अधिकारी अमित श्रीवास्तव सहित अन्य विभागीय कर्मचारी थे।

- पॉवर कॉर्पोरेशन के खिलाफ 47वीं बार हुई शिकायत पर कार्रवाई, डीएम और एसएसपी सुनी शिकायतें



सोहावल तहसील पर आयोजित समाधान दिवस में जनता की समस्याओं को सुनते जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे व एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

Kanak Kids International School
Nursery to Class 5th (English Medium)
Add.: ITI Chauraha Punch Kosi Prikarma Marg
Ram Path - Ayodhya U.P.
Gmail ID - kanakkidsayo@gmail.com
Mob.: 7905181449
Admission Open

Dr. Sanjay Tiwari (Chairman)
Saryu International School
Class 1st to 12th (CBSE NEW DELHI, Affiliation No.: 2134121)
Add.: Raghupati Nagar,Manjha Barehta, Bypass Ayodhya U.P.
Gmail ID- internationalsaryu@gmail.com
Mob.: 7905193849

अमृत विचार
अयोध्या, मंगलवार, 24 मार्च 2026



## न्यूज ब्रीफ

### डीएम के आश्वासन पर धरना समाप्त

**सोहावल, अमृत विचार :** किसान समस्याओं के समाधान को लेकर 16 मार्च से सोहावल तहसील परिसर में भाकियू का अनिश्चितकालीन धरने का समापन हो गया। तहसील दिवस में पहुंचे डीएम निखिल टी फुंडे और एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने पर किसान महापंचायत के पदाधिकारियों से बात की। भाकियू के राष्ट्रीय महासचिव घनश्याम वर्मा ने बताया कि वार्ता के बाद दोनों अफसरों ने समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। महापंचायत में अभय राज ब्रह्मचारी, डॉ. आरएस सरोज, भागीरथी वर्मा, देवी प्रसाद वर्मा आदि थे।

### जिला उपाध्यक्ष का किया स्वागत

**मवई,अयोध्या, अमृत विचार।** मवई ब्लॉक प्रमुख राजीव कुमार तिवारी को पुन: भारतीय जनता पार्टी का जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने पर सोमवार को मवई चौराहा पर व्यापार मंडल अध्यक्ष राजेश शर्मा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं व व्यापारियों ने उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाना मेरी प्राथमिकता रहेगी। इस अवसर पर अंजनी साहू, सकिब खान, डॉ. अवधेश कुमारी, डॉ. आफताब अहमद आदि मौजूद रहे।

### टीबी की रोकथाम व उपचार पर किया जागरूक

**अयोध्या, अमृत विचार :** मसौधा ब्लॉक के मलिकपुर गांव में सोमवार को मेडिकल कॉलेज के कम्युनिटी मेडिसिन विभाग की तरफ से टीबी की रोकथाम और उपचार पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान जूनियन डॉक्टरों, इंटर्न व विद्यार्थियों के द्वारा नुक्कड़ नाटक व पोस्टर के जरिए लोगों को जागरूक किया गया। विभाग की चिकित्सक डॉ. अंजुमन चौधरी की देखरेख में कार्यक्रम हुआ। विभागाध्यक्ष डॉ. प्रतिभा गुप्ता ने बताया कि कार्यवाहक प्राचार्य डॉ.डीएस मर्तोलिया, डॉ. पारुल व डॉ. अर्शिता श्रीवास्तव मौजूद रहे।

### काली माता को 100 महिलाओं ने चढ़ाया जल

**बीकापुर, अयोध्या, अमृत विचार।** बीकापुर के ग्राम पंचायत सराय भनौली अंतर्गत मजरा लौकी पांडे का पुरवा में नवरात्र पर सोमवार को काली माता देव स्थान पर विधि-विधान से पूजा-पाठ एवं भंडारे का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक महिलाओं ने एक साथ माता पर जल चढ़ाकर पूजा-अर्चना की। ब्रह्म बाबा देव स्थान पर भी ग्रामीणों ने पूजा-अर्चना कर जनेऊ व लंगोट चढ़ाया और क्षेत्र की सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। पंडित अयोध्या प्रसाद तिवारी, राकेश तिवारी व राम अवतार तिवारी ने बताया कि यह हमारे गांव की प्राचीन परंपरा है, जिसे सभी ग्रामवासी मिलकर हर वर्ष श्रद्धा और उत्साह के साथ निभाते हैं।

### नाना-नानी के महत्व पर निबंध प्रतियोगिता

**रानीबाजार, अमृत विचार :** अटल वयो अभ्युदय योजना के तहत कंपोजिट विद्यालय सरियावां में विविध कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रद्धा सेवा समिति के तत्वावधान में पारिवारिक जीवन में दादा-दादी, नाना-नानी का महत्व विषय पर निबंध और चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रधानाध्यापिका माला देवी, सहायक अध्यापक दिनकर कुमार व प्रमोद कुमार सहित संस्था के अध्यक्ष एसएन पांडेय ने जानकारी भी दी। संचालन धनंजय पांडे ने किया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र को दीवार घड़ी, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को टिफिन बॉक्स देकर सम्मानित किया गया।

### गांजा तस्कर की गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम

**अयोध्या, अमृत विचार।** जागृति बिहार जिला मेरठ निवासी गांजा तस्कर अरुण कुमार की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उसके खिलाफ 16 फरवरी 2023 को कोतवाली बीकापुर में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। जिसके बाद से वह फरार चल रहा है। बीकापुर पुलिस ने 16 फरवरी 2023 को एक सूचना के आधार पर बिलारी चौराहे के पास घेराबंदी कर एक वाहन को रोका था। वाहन से बोरियों में भरा करीब छह क्विंटल अवैध गांजा बरामद हुआ था। मौके से दानिश निवासी रोनकता, सिकंदर नगर निवासी आगरा व अवध राम निवासी सिंहपुर जिला मेरठ को गिरफ्तार किया था, विनय कुमार कुलहरिया और अरुण कुमार फरार हो गए थे। सीओ बीकापुर पियूष कुमार ने बताया कि पुलिस टीम आरोपी की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दे रही थी, लेकिन वह पकड़ में नहीं आ रहा था। इसलिए एसएसपी ने इनाम घोषित किया है।

# मेडिकल कॉलेज में एक्स-रे के लिए लाओ स्मार्ट फोन

## कीपैड फोन लाने वालों को लौटा रहा स्टाफ, रोज हो रही बहसबाजी ■ पांच दिन से खत्म बताई जा रही है एक्स-रे फिल्म

**मरीजों को झेलनी पड़ रही परेशानी**

**अयोध्या कार्यालय।**


मेडिकल कॉलेज के पुराने भवन में एक्सरे के लिए लाइन में लगे मरीज व तीमारदार।

**अमृत विचार :** दर्शन नगर स्थित राजर्षि दशरथ मेडिकल कॉलेज में करीब पांच दिन से एक्स-रे फिल्म का स्टॉक खत्म है। यही नहीं कीपैड (पुराना फोन) लाने वाले मरीजों को एक्स-रे की सुविधा नहीं मिल रही है। केवल स्मार्टफोन लेकर आने वाले मरीजों का ही एक्स-रे किया जा रहा है। ऐसे में पुराना मोबाइल फोन लाने वाले मरीजों और उनके तीमारदारों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

मेडिकल कॉलेज में रोज सैकड़ों मरीज ओपीडी में इलाज कराने के लिए पहुंचते हैं। कई विभागों में मरीजों को एक्स-रे लिखा जाता है, लेकिन फिल्म न होने से बहसबाजी और हंगामा मचा रहता है। टेक्निशियन और स्टाफ मरीजों से कह रहे हैं कि स्मार्टफोन लाओ, तभी एक्स-रे की रिपोर्ट दी जाएगी। कई मरीजों को बिना जांच के लौटना पड़ रहा है, जिससे उनकी बीमारी बढ़ने का खतरा मंडरा रहा है। यह समस्या विशेष रूप से गरीब और दूर-दराज इलाकों से आने वाले मरीजों के लिए कष्टदायक साबित हो रही है। ये लोग सरकारी मेडिकल कॉलेज में निशुल्क इलाज और जांच की उम्मीद लेकर आते हैं, लेकिन यहां उन्हें अपमानजनक स्थिति का सामना करना पड़ रहा है।

> वेंडर से वार्ता चल रही है। जल्द ही एक्स-रे की फिल्म पहुंच जाएगी और मरीजों को सहुलियत मिल जाएगी। वैसे आज के समय में एक्स-रे की जरूरत पड़ती ही नहीं है। लक्षण के आधार पर ही इलाज शुरू किया जा सकता है। -डॉ. डीएस मर्तोलिया, कार्यवाहक प्राचार्य

गोंडा के मसकिनवा से सोमवार को आई विमला से तो काफी बहस बाजी हुई। उन्होंने फोन दिखाते हुए कहा कि भइया, हम लोग गरीब आदमी हैं। इलाज कराने के लिए बड़ी मशक्कत से यहां पहुंचे हैं, लेकिन जब एक्स-रे कराने पहुंचे तो मना कर दिया। काफी देर तक परेशान रहने के बाद एक लोग को बड़ी मिन्नत से लेकर आई हूं। उन्हीं के मोबाइल पर फिल्म निकलवानी पड़ेगी। महोबरा से लाठी के सहारे चलकर आए अमित ने कहा कि बड़ी ही अजीब व्यवस्था है। मेरे पास स्मार्टफोन था, नहीं तो एक्स-रे की रिपोर्ट मिलना मुश्किल हो जाता। रौनाही से मरीज लेकर पहुंचे तीमारदार जियालाल ने बताया कि उनके पास स्मार्टफोन नहीं है, सिर्फ पुराना कीपैड फोन है। डॉक्टर को दिखाने के बाद पुराने भवन के भूतल पर एक्स-रे कराने पहुंचे तो साफ मना कर दिया गया। सूत्रों की मानें तो आने वाले दिनों में सीटी स्कैन फिल्मों की भी कमी हो सकती है। ओपीडी में आने वाले मरीजों को ही यह परेशानी झेलनी पड़ रही है, जबकि इमरजेंसी या भर्ती मरीजों को किसी तरह प्रबंध किया जा रहा है।

## सुनवा सीएचसी के ड्यूटी रजिस्टर में हेराफेरी


हाजिरी रजिस्टर में पांच नम्बर पर अनुपस्थित होने पर गोले में लिखा गया ए।


पांच नम्बर पर सफेद स्याही लगाकर किया गया दस्तखत।

**अयोध्या कार्यालय।** रुदौली तहसील क्षेत्र में स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) सुनवा में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और कर्मचारियों की ड्यूटी प्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। यहां पक्षपातपूर्ण व्यवहार और सरकारी नियमों की अनदेखी करने का आरोप लग रहा है। सूत्रों के अनुसार कुछ स्टाफ नर्सों से 24 घंटे लगातार ड्यूटी ली जा रही है, जबकि पसंदीदा कर्मचारी पूरे सप्ताह अनुपस्थित रहते हुए भी वेतन और लाभ उठा रहे हैं। एक स्टाफ नर्स को 17 और 18 मार्च को उपस्थिति रजिस्टर में उन्हें अनुपस्थित दिखाया गया, लेकिन बाद में सफेद स्याही का इस्तेमाल कर हस्ताक्षर जोड़कर उनकी उपस्थिति दर्ज करा दी गई। यह घटना अस्पताल में मनमानी और फर्जीवाड़े की ओर इशारा करती है। ऐसे कई मामलों से संकेत मिलता है कि ड्यूटी रजिस्टर में हेराफेरी की जा रही है। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक अखिलेश उपाध्याय ने कहा कि मामला उनके संज्ञान में है। 24 घंटे के अंदर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# स्मार्ट मीटर समस्या समाधान के लिए शिविर लगाने के दिये निर्देश

**अयोध्या कार्यालय**

- नगर विधायक ने पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के साथ की बैठक

**अमृत विचार :** नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सोमवार को पॉवर कॉर्पोरेशन के अधिकारियों के साथ अधीक्षण अभियन्ता कार्यालय के सभागार में समीक्षा बैठक की। विधायक ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि विभिन्न क्षेत्रों में कैंप लगाकर स्मार्ट मीटर से संबंधित आ रही समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया जाए, ताकि उपभोक्ताओं को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। उन्होंने बिजली घरों पर हेल्प डेस्क स्थापित करने, अयोध्या धाम में सड़कों पर लगे जंक्शन बॉक्स को सुरक्षित स्थानों पर शिफ्ट कराने, जर्जर, कमजोर तारों को बदलने और कमजोर खंभों के स्थान पर नए खंभे लगाने और गर्मी के मौसम में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिये। कहा कि जिन क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर कमजोर हैं, उन्हें तत्काल बदला जाए। जहां आवश्यकता हो, वहां उनकी क्षमता बढ़ाई जाए, ताकि बढ़ती बिजली खपत के दौरान आपूर्ति बाधित न हो।



बैठक में अधीक्षण अभियन्ता विनय कुमार, मुख्य अभियन्ता बृजेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता आतिश कुमार, वैभव आनंद, मनीष चौबे, रविकांत सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## टेट के विरोध में एक हजार शिक्षक जाएंगे दिल्ली

**अयोध्या, अमृत विचार:** टेट के विरोध में एक हजार शिक्षक दिल्ली जाएंगे। जहा चार अप्रैल को रामलीला मैदान में आयोजित होने वाली रैली के द्वारा केंद्र सरकार को अपनी ताकत का एहसास करायेंगे। ये बातें सोमवार को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ अयोध्या की क्षत्रिय बोर्डिंग हाउस में हुई बैठक को संबोधित करते हुए प्रांतीय ऑडिटर एवं जिलाध्यक्ष नीलमणि त्रिपाठी ने कहीं। उन्होंने कहा कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने से पूर्व नियुक्त शिक्षकों ने तत्समय बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित अर्हताएं पूरी करने के पश्चात सेवारत हुए हैं। इसलिए उन्हें टेट की परीक्षा उत्तीर्ण करने की बाध्यता का कानून न्यायोचित नहीं है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ डॉ. दिनेश चंद्र शर्मा की अगुवाई में शिक्षक विरोधी कानून को वापस लेने हेतु आंदोलनरत है। संचालन जिला मंत्री चक्रवर्ती सिंह ने किया। बैठक में अजय सिंह, अविनाश पांडे, सत्येंद्र गुप्ता,अनुज सिंह, महेंद्र यादव, मो. गयाश आदि मौजूद रहे।

# ओमी, राम, प्रियांशु व गिरीश का हुआ सम्मान

**अयोध्या कार्यालय**

**अमृत विचार :** रामनगर कॉलोनी में चल रहा 12 दिवसीय प्रभु झूलेलाल जयंती चेटीचंड हर्षोल्लास के साथ समाप्त हुआ। कार्यक्रम का शुभारम्भ दिल्ली से आए साईं सतराम मसंद व अयोध्या के साईं नितिन राम ने प्रभु झूलेलाल व भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। झूलेलाल की आरती की और केक काटा गया। दोनों संतों ने कहा कि चेटीचंड को सिंधी समाज पूरी दुनिया में सिंधियत दिवस के रूप में मनाता है।

कॉलोनी स्थित बीच मैदान में हुए आयोजन में मुंबई व भोपाल के कलाकारों मोहित शेवानी, शुभम नाथानी व रितुका सुंदरानी ने सिंधियत के गीतों की प्रस्तुति दी। संतों ने समिति के महासचिव ओमप्रकाश ओमी को शॉल ओढाकर 'समाज का सेवादारी सम्मान' दिया। युवा समाजसेवी सुल्तानपुर के राम पोपटानी व अयोध्या के प्रियांशु सावलानी का सामाजिक योगदान के लिए शॉल ओढकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में गोरखपुर में हुई शहीद हेमू कालाणी क्रिकेट टूर्नामेंट सीरीज जितने वाले गिरीश कोटवानी को भी सम्मानित किया गया। इस मौके पर संत नवलराम दरबार में आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में करीब 100 बच्चों ने झूलेलाल के चित्र पर रंग भरा। सभी बच्चों का प्रमाणपत्र व पुरस्कार देकर उत्साह बढाया। इस मौके पर सिंधी सेंट्रल पंचायत के मुखिया ओमप्रकाश अंदानी,राकेश तलरेजा, रमेश मोटवानी, नारायण दास, राजकुमार मोटवानी,सुरेश पंजवानी, हरीश सावलानी समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद रहे।


झूलेलाल व भगवान राम के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करते साईं सतराम मसंद, साईं नितिन राम व अन्य।


चौक स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते सपा नेता।

## डॉ. लोहिया की जयंती पर किया नमन

**अयोध्या, अमृत विचार।** डॉ. राम मनोहर लोहिया के जयंती पर सोमवार को गुलाबबाड़ी स्थित सपा कार्यालय में उनके चित्र पर व चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर सपा नेताओं ने माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। निवर्तमान महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने कहा कि वह एक महान स्वतंत्रता सेनानी, महान सामाजिक विचारक गैर कांग्रेस वाद के शिल्पी के साथ एक दूरदर्शी नेता थे। उन्होंने गांधीवादी मूल्यों के साथ समाजवाद को भी जोड़ा। इस अवसर पर हामिद जाफर मीसम, राकेश यादव, प्रवीण राठौर, राकेश पांडे, जगन्नाथ यादव आदि मौजूद रहे।

# गंगा हमारी सांस्कृतिक धरोहर, इसे स्वच्छ और निर्मल रखना है : रावत

**अयोध्या कार्यालय**

- बोले, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जन जाति आयोग के अध्यक्ष, मां कामाख्या धाम में गूंजा जल संरक्षण का संकल्प

**अमृत विचार :** गंगा स्वच्छता पखवाड़ा 2026 के तहत रुदौली और नगर पंचायत माँ कामाख्या में जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिला गंगा समिति और स्थानीय प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यअतिथि उत्तर प्रदेश अनुसूचित जन जाति आयोग के अध्यक्ष व पूर्व सांसद व पूर्व मंत्री बैजनाथ रावत ने कहा मां गंगा हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। नदियों से ही जीवन है। हमें इसे स्वच्छ और निर्मल रखना है। कार्यक्रम का उद्देश्य जल स्रोतों के संरक्षण और नदियों की निर्मलता के प्रति जन-भागीदारी करना रहा।

शुरुआत नगर पंचायत माँ कामाख्या में वृहद पौधरोपण अभियान से हुई। अधिकारियों के साथ अन्य को गंगा शपथ दिलाई गई कि वे न केवल स्वयं जल प्रदूषित होने से रोकेंगे, बल्कि दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे। इसके बाद गोमती तट पर जल कलश एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। यहाँ जल कलश पूजन के साथ जल संरक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। स्थानीय नागरिकों को जोड़ने के लिए एक विशाल हस्ताक्षर अभियान चलाया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि मां कामाख्या धाम के चेयरमैन शीतला प्रसाद शुक्ला, माँ कामाख्या धाम महोत्सव के मुख्य संरक्षक विधायक राम चंद्र यादव, संयोजक कमलेश यादव, नगर पंचायत माँ कामाख्या के अधिशासी अधिकारी निखलेश मिश्रा, अधिशासी अधिकारी रुदौली प्रेम नाथ, जिला परियोजना अधिकारी श्वेता साहू समेत अन्य लोग थे।


शहीद दिवस पर अमर क्रांतिकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित करते शहीद भगत सिंह स्मृति ट्रस्ट के सदस्य।

## क्रांतिकारियों ने अपनों के लिए दी कुर्बानी: सत्यभान

**अयोध्या, अमृत विचार :** शहीद भगत सिंह स्मृति ट्रस्ट के तत्वावधान में नगर निगम प्रांगण में सोमवार को शहीद दिवस के अवसर पर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर अमर क्रांतिकारियों सुखदेव व राजगुरु को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। अमर क्रांतिकारियों के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया। शहीद भगत सिंह स्मृति ट्रस्ट के चेयरमैन सत्यभान सिंह जनवादी ने कहा कि क्रांतिकारियों ने अपनों के लिए कुर्बानी दी। उनका बलिदान महज इतिहास का हिस्सा नहीं, बल्कि वर्तमान व भविष्य के लिए मार्गदर्शक है। वरिष्ठ लेखक डॉ. आरडी आनंद ने कहा कि आज के युवाओं को शहीदों के विचारों को समझकर सामाजिक अन्याय, भेदभाव और शोषण के खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। इस मौके पर बीएसएनएल यूनियन के प्रांतीय नेता तिलक राज तिवारी, महावीर पाल, मो. जफर, राजेश सिंह, प्रेरणा,विभा सिंह, उर्मिला सिंह आदि मौजूद रहे।


अयोध्या हनुमानगढ़ी पर दर्शन पूजन के बाद मौजूद भाजपा महानगर कमेटी के पदाधिकारी।

## संगठन को और अधिक मजबूत करेगी नई कमेटी : विधायक

**अयोध्या, अमृत विचार :** भाजपा की नवनियुक्त महानगर कमेटी ने मंगलवार को अयोध्या हनुमानगढ़ी में मत्था टेककर महाबली हनुमान का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके पूर्व कमेटी के सदस्यों का बिरला मंदिर में अंगवस्त्र पहनाकर स्वागत किया गया। यहां नगर विधायक वेद प्रकाश गुप्ता ने सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। नगर विधायक गुप्ता ने कहा कि भाजपा की नई महानगर कमेटी संगठन को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है। विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने कहा कि कार्यकर्ताओं के सहयोग से महानगर में पार्टी को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। इस दौरान तिलकराम मौर्य, शैलेन्द्र कोरी, परमानंद मिश्र, स्वाति सिंह, गरिमा मौर्य, मंडल अध्यक्ष मुकेश तिवारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

## पशु शेड घपले की जांच करेंगे डीसी मनरेगा

**सोहावल, अयोध्या। अमृत विचार:** ब्लॉक क्षेत्र के बड़ागांव मुस्तफाबाद में बांटे गए पशु शोड के निर्माण में हुई घपलेबाजी को लेकर सोमवार को आयोजित जिला अधिकारी के संपूर्ण समाधान दिवस पर भी शिकायत दर्ज कराई गई। यहां के रहने वाले लाल जी उर्फ मुनि देव तिवारी व अंजू के नाम पशु सेट का आवंटन हुआ। इससे जुड़े लाखों रुपये की धनराशि लेकर हड़प कर ली गई।पशु शेड का निर्माण आज तक नहीं हुआ। मामला वित्तीय वर्ष 2020-21 का है। इसकी शिकायत करेरु के जेंद्र तिवारी ने डीएम से करके जांच एवं कार्रवाई की मांग की है। जिलाधिकारी ने पूरी जांच और कार्रवाई का निर्देश डीसी मनरेगा को दिया है।

# राष्ट्र रक्षकों को नमन: शहीदों के परिजन व 21 पुलिसकर्मी सम्मानित

**मवई, अयोध्या।**

**अमृत विचार।** मां कामाख्या महोत्सव 2026 के अंतर्गत आयोजित मां कामाख्या राष्ट्र रक्षक सम्मान 2026 कार्यक्रम में देश की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले तीन शहीदों के परिजनों तथा पुलिस विभाग के 21 कर्मियों को अंगवस्त्र, प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीनिवास मूर्ति (संस्थापक, योग भारती हिमाचल) ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्र रक्षकों का सम्मान करना समाज का दायित्व है। उनके त्याग और समर्पण से ही देश सुरक्षित है। ऐसे कार्यक्रम नई पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को मजबूत करते हैं। कार्यक्रम के दौरान आरक्षी चंद्रेश भारद्वाज ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किया। उपस्थित लोगों ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका स्वागत किया। उपनिरीक्षक रणजीत यादव (खाकी वाले गुरुजी) ने आयोजन का संचालन किया। महोत्सव स्थल पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु व गणमान्य लोग मौजूद रहे। अंत में सभी ने राष्ट्र रक्षकों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए कार्यक्रम की सराहना की।


पुलिसकर्मियों को सम्मानित करते महोत्सव के अध्यक्ष रविकांत तिवारी व कामाख्या धाम के अध्यक्ष शीतला प्रसाद शुक्ला।

## शहादत दिवस पर निकाला मार्च

**अयोध्या, अमृत विचार:** वामदलों ने भगतसिंह, सुखदेव , राजगुरु के शहादत दिवस पर सोमवार को डाक-बंगला से नगर निगम परिसर स्थित भगत सिंह पार्क तक साम्राज्यवाद और युद्ध विरोधी मार्च किया। उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद एक सभा की। वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान हालात में भगत सिंह का इंकलाब जिन्दाबाद और साम्राज्यवाद का नाश हो का नारा और भी ज्यादा प्रासंगिक एवं जरूरी हो गया है। उनकी देशभक्ति भारत को अंग्रेजी औपनिवेशिक शासन से मुक्त कराने तक ही सीमित नहीं थी, बल्कि वह चाहते थे कि भारत में समाजवाद की स्थापना हो और करोड़ों भारतीय मेहनतकश वास्तव में सत्ता सम्पन्न व आजाद बनें। मार्च में भाकपा जिला सचिव अशोक कुमार तिवारी, भाकपा (माले) जिला प्रभारी अतीक अहमद, माकपा जिला सचिव अशोक यादव, फारवर्ड ब्लॉक जिला प्रभारी हरीशचंद्र श्रीवास्तव, माले राज्य कमेटी सदस्य राम भरोस, एटक नेता शैलेन्द्र प्रताप सिंह, इनौस संयोजक अजय शर्मा चंचलआदि शामिल रहे।

# गायत्री पब्लिक स्कूल में चोरी का प्रयास

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** हैरिंग्टनगंज पुलिस चौकी क्षेत्र के रेवतीगंज में स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में रविवार रात चोरों द्वारा बड़ी वारदात को अंजाम देने का प्रयास सामने आया है। घटना के समय विद्यालय परिसर में उप प्रबंधक रमाशंकर शुक्ल मौजूद थे। उप प्रबंधक ने बताया कि रात करीब नौ बजे कुछ अज्ञात लोग बाउंड्री फांदकर परिसर में घुस आए। वहां खड़ी मारुति वैगन-आर, हुंडई आई टेन व टाटा मैजिक की चाबियां चुरा लीं। परिसर में खड़ी एक कार की पार्किंग लाइट जलती देख जब वह मौके की ओर बढ़े, तो एक संदिग्ध व्यक्ति बाउंड्री कूदकर बगल में स्थित गोसाई बाबा स्थल की झाड़ियों में जा छिपा। घटना की सूचना तत्काल डायल 112 और चौकी इंचार्ज हैरिंग्टनगंज को दी गई। मौलेकिन वह अंधेरे का लाभ उठाकर फरार हो गया। हालांकि, घटनास्थल से चोर का जूता, टी-शर्ट और पास के स्थल से एक साइकिल बरामद हुई है, जिसे पुलिस ने साक्ष्य के रूप में कब्जे में ले लिया है। विद्यालय के उप प्रबंधक रमाशंकर शुक्ल का कहना है कि घटनाक्रम को देखते हुए प्रतीत होता है किसी बड़ी वारदात को अंजाम देना था। हैरिंग्टनगंज चौकी प्रभारी आशीष सिंह ने कहा कि पुलिस मामले की जांच में जुटी है।



सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

## बच्चों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने बांधा समां

**मिल्कीपुर, अयोध्या। अमृत विचार :** ॐ शिवकली हौसला प्रसाद इंटर कॉलेज सुखदेव नगर नदौना में आयोजित वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों का मन मोह लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के संस्थापक/प्रबंधक हरिश्चंद्र दूबे, प्रधानाचार्य अनिल कुमार धर, निदेशक विनय कुमार धर, अजीत सिंह, सूरज सिंह हरदोईया व विद्यालय के प्रधानाचार्य वरुण कुमार धर ने किया। बच्चों ने गीत, नृत्य और एकांकियों के माध्यम से समाज में व्याप्त कुरीतियों, नशे के दुष्प्रभाव और मोबाइल के बढ़ते दुरुपयोग पर प्रभावशाली प्रस्तुतियां दीं। मुख्य अतिथि सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडेय ने मेधावियों को सम्मानित किया। संरक्षक अरुण कुमार द्विवेदी ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

## शिविर का मरीजों ने उठाया लाभ

**अयोध्या, अमृत विचार :** रिकाबगंज स्थित बालाजी मेडिकोज पर सोमवार को निशुल्क चिकित्सा परामर्श व खून जांच शिविर लगाया गया। डॉ. आदर्श कुमार सोनकर ने शुगर, एचबीएवनसी, थाइराइड, मोटापा, हड्डी मिनरल डिजीज, बच्चों की ग्रोथ, गैलेक्टोरिया ,गायनोकेमेक्टिया ,अनियमित मासिक व हार्मोन से जुड़ी सभी प्रकार की बीमारियों का निशुल्क जांच व परामर्श किया। उद्घाटन बाला जी मेडिकोज के प्रोप्राइटर हेमंत कुमार कानोडिया व उनके पुत्र संचित कानोडिया ने किया। शिविर में 100 से अधिक मरीजों का परामर्श व जांच निशुल्क किया गया। प्रोप्राइटर हेमंत ने बताया कि अप्रैल माहमें भी इस तरह के निशुल्क परामर्श व जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा।

## 26 को आएंगे सांसद दिग्विजय सिंह

**अयोध्या, अमृत विचार :** मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व सांसद दिग्विजय सिंह 26 मार्च को अयोध्या आएंगे। कांग्रेस जिलाध्यक्ष चेत नरायन सिंह और पीसीसी राजेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री सुबह 9 :40 बजे अयोध्या एयरपोर्ट पहुंचेंगे। अयोध्या में हनुमानगढ़ी, श्रीराम मंदिर में राम लला और कनक भवन में कनक बिहारी के दर्शन पूजन करेंगे। यहां से वह लखनऊ चले जाएंगे।

फैज़ाबाद पब्लिक स्कूल
English Medium, Senior Secondary, Co-Educational
Darabganj, Mumtaznagar, Ayodhya-224001 (U.P.)
Email: fpsfzd@rediffmail.com, Mob: 9170009377-9794935082
अयोध्या का एकमात्र सी.बी.एस.ई. विद्यालय
किफायती शुल्क में उच्च गुणवत्ता की शिक्षा
Admission Open
प्रवेश प्रारम्भ
Limited Seats
नर्सरी से IX - XI (विज्ञान एवं कॉमर्स)
Bus facility available. Smart Classes & CCTV Cameras in every class etc.
Prospectus available at school office from 08.30 a.m. to 04.00 p.m.
K.K. Mishra PRINCIPAL

# दुनिया में हिमालय से बड़ा समृद्ध स्थान कोई नहीं: प्रो. हरिकेश

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचार :** दुनिया में हिमालय से बड़ा समृद्ध स्थान कोई नहीं है। इसीलिए डॉ.लोहिया ने हिमालय बचाओ का नारा दिया था। उनका मानना था कि जहां पानी और नमक बचा रहता है, वहीं राष्ट्र बच सकता है। सप्त क्रांति ही परिवर्तन ला सकती है। उनका मत था कि रमता, समता और ममता के सिद्धांत का पालन करना चाहिए और राष्ट्र के प्रति रहे। ये बातें सोमवार को जयप्रकाश नारायण विश्वविद्यालय, छपरा, बिहार के पूर्व कुलपति प्रो. हरिकेश सिंह ने कहीं। वह डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के स्वामी विवेकानंद सभागार में डॉ राममनोहर लोहिया 'जयंती समारोह' के अवसर पर 'डॉ. लोहिया के विचारों की प्रासंगिकता' विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने कहा कि भारत की ज्ञान परंपरा को जानने के लिए पद से नहीं पदयात्रा से करना चाहिए। डॉ. लोहिया भारत का झंडा जर्मनी में छात्र-छात्राओं एवं शिक्षाविदों के बीच बुलंद किया। नेल्सन मंडेला से कहीं अधिक रंगभेद की लड़ाई लड़ी। देश की स्वतंत्रता राष्ट्र प्रेम से बनती है। उन्होंने कहा कि लोहिया जी ने रामायण का वास्तविक प्रयोग किया। रामायण के तत्वबोध जानने के लिए रामलीला का मंचन आवश्यक बताया। इसी कड़ी में वह चित्रकूट में रामलीला के मंचन एवं रामायण मेला की शुरुआत की थी। वर्तमान हम भारत के सभी लोग स्वतंत्रता के मूल्य को भूल रहे हैं। इससे पूर्व उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह के साथ मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।



डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में मां सरस्वती की प्रतिमा के सामने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ करते विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ बिजेंद्र सिंह व अन्य।

- **मॉडल आत्मनिर्भरता और मानवीय गरिमा पर टिका था डॉ. लोहिया का ग्रामीण विकास: कुलपति डॉ. बिजेंद्र**

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विश्वविद्यालय के कुलपति कर्नल डॉ. बिजेंद्र सिंह ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि डॉ. लोहिया ने समाज में आमूल-चूल परिवर्तन के लिए सात क्रांतियों का आह्वान किया था। लोहिया का संपूर्ण जीवन जीव जल और पर्यावरण की प्रति समर्पित रहा। कुलपति ने कहा कि आज के ही दिन भारत के तीन महान क्रांतिकारी वीर सपूतों भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव को भी याद किया जाता है, जिन्हें 1931 में लाहौर सेंट्रल जेल में ब्रिटिश सरकार द्वारा फांसी दी गई थी। तीनों वीर सपूतों ने भारत माता की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया था। उनकी शहादत ने पूरे देश में देशभक्ति की एक नई लहर पैदा कर दी थी, जिसने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम को और अधिक गति प्रदान की। इस अवसर पर अमर बलिदानी सपूतों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित कर छात्राओं द्वारा राष्ट्रगीत की भावपूर्ण प्रस्तुति की गई।

कार्यक्रम का संचालन अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रो. नीलम पाठक एवं धन्यवाद ज्ञापन डीन कला संकाय प्रो. मृदुला मिश्रा ने किया इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक प्रो. आशुतोष सिन्हा, कुलसचिव विनय कुमार सिंह, उपकुलसचिव डॉ. रीमा श्रीवास्तव, प्रो. आरएन राय, प्रो. एसएस मिश्र, प्रो. केके वर्मा, प्रो. सीके मिश्र, डॉ. अवध नारायण, डॉ. राजेश कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं व शिक्षक मौजूद रहे।

# बालक में राजकरण व बालिका में क्रीड़ा समिति बनी विजेता

अयोध्या कार्यालय।

- **जिला सेपक टकरा प्रतियोगिता के विजेता हुए पुरस्कृत**

**अमृत विचार:** क्षेत्रीय खेल कार्यालय तत्वावधान में जिला स्तरीय सेपक टकरा क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल डाभसेमार में सोमवार को हुआ। प्रतियोगिता के बालक वर्ग में राजकरण इंटर कॉलेज टीम व बालिका में क्रीड़ा समिति टीम विजेता रही। मुख्य अतिथि जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन धर्मेंद्र प्रताप सिंह टिल्लू ने विजेता टीमों को पुरस्कृत किया।

प्रतियोगिता के बालक व बालिका वर्ग में आठ-आठ टीमों ने प्रतिभाग किया। बालक वर्ग में राजकरण इंटर कॉलेज विजेता व विद्यालयीय क्रीड़ा समिति टीम उपविजेता रही। बालिका वर्ग के फाइनल में क्रीड़ा समिति टीम विजेता व मेथोडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में सुषमा तिवारी व नीलाक्षी राजीव आदि ने निर्णायक की भूमिका निभायी। प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर सेपक टकरा के प्रदेश सचिव सुमिल सीरिया ने अयोध्या में प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता आयोजन का आश्वासन दिया। इस अवसर पर जिला सेपक टकरा संघ के सचिव विजेंद्र सिंह, जिला ओलंपिक संघ के सचिव परमेन्द्र सिंह, मुकेश सिंह, कुलदीप , रोहित त्रिपाठी, खेलो इंडिया एथलेटिक्स प्रशिक्षक राजीव, सीडी सिंह आदि मौजूद रहे।

## एचसीएल गूवी ने रामायण विश्वविद्यालय के साथ किया एमओयू

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय, अयोध्या ने सोमवार को अपने कैंपस में एचसीएल ग्रुप के साथ एक महत्वपूर्ण समझौता (एमओयू) साइन किया। यूनिवर्सिटी के कुलपति प्रो . डॉ भानु प्रताप सिंह और एचसीएल की तरफ से एचसीएल गूवी के जनरल मैनेजर विनोद सिंह और सीनियर मैनेजर निशिकांत कुमार ने इस पर हस्ताक्षर किये। कुलपति प्रो . डॉ भानु प्रताप ने कहा कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ इंडस्ट्री से जुड़ा व्यावहारिक प्रशिक्षण देना है, ताकि वे भविष्य के लिए बेहतर तरीके से तैयार हो सकें। कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य ऐसे छात्र तैयार करना है, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और बिज़नेस एनालिटिक्स जैसे क्षेत्रों में काम करने के लिए पूरी तरह तैयार हों। इस दौरान छात्रों को नई तकनीकों और वास्तविक समस्याओं पर काम करने का अनुभव मिलेगा, जिससे उनकी समझ और कौशल दोनों मजबूत होंगे।यह कार्यक्रम शैक्षणिक सत्र 2026–27 से बी .टेक (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस एवं मशीन लर्निंग) और एमबीए (बिज़नेस एनालिटिक्स) के छात्रों के लिए शुरू किया जाएगा।

# एपीएल टी-20 : सरयू स्मैशर्स व गंगा वॉरियर्स ने जीते मैच

अयोध्या कार्यालय।

**अमृत विचारः** अयोध्या प्रीमियर लीग (एपीएल) टी-20 में सोमवार को सरयू स्मैशर्स व गंगा वॉरियर्स टीमों ने लीग मैच जीत कर पूल में अपनी स्थिति मजबूत कर ली। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अमित पाल सिंह व जिला क्रिकेट संघ के सचिव उमेर अहमद ने अमन व शिवम को मैन-ऑफ-द-मैच के रूप में पुरस्कृत किया।

डाभासेमर के डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल स्थित क्रिकेट स्टेडियम में सोमवार को पहला मुकाबला सरयू स्मैशर्स व यमुना सुपर किंग्स टीमों के बीच खेला गया। इसमें यमुना सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 13.4 ओवरों में नौ विकेट पर 96 रन बनाये। उसकी टीम के विनायक रिटायर हर्ट हो गए। इसमें अनंत ने 20, सत्येन्द्र 18 व शिवेन्द्र ने 10 रन टीम में जोड़े। सरयू स्मैशर्स के मनीष, दिव्य प्रकाश, शर्दुल त्रिपाठी ने दो-दो, जावेद व शारिम ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में बल्लेबाजी करते हुए सरयू स्मैशर्स टीम ने बिना विकेट गंवाए अमन यादव के तीन छक्के व 10 चौके से बने नाबाद 60 रन व नैतिक के नाबाद 11 रनों के सहयोग से 10 विकेट से मैच जीत लिया। अमन मैन-ऑफ-द-मैच रहे।


एपीएल लीग मुकाबले में यमुना सुपर किंग्स के बल्लेबाज को रन आउट करने का प्रयास करता सरयू स्मैशर्स का विकेट कीपर। अमृत विचार

दूसरे मुकाबले में गंगा वॉरियर्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट खोकर 205 रन बनाए। शिवम ने चार छक्के व सात चौके की मदद से 60,

- **अमन व शिवम रहे मैन-ऑफ-द-मैच**

अनुज ने 47, शुभम ने 31, पंकज 27 व शोएब ने 19 रनों का योगदान दिया। मनोरमा टीम के दिव्यांशु ने तीन, करन ने दो, दीपक व कैफ ने एक-एक विकेट लिया। जवाब में मनोरमा मार्बल्स टीम छह विकेट पर 151 रन बना सकी। निखिल के शानदार 66, वैभव के 21 व रितुराज व नवनीत के 14-14 रन भी टीम को जीत नहीं दिला सके। गंगा टीम के विशाल, उत्कर्ष, शोएब, ध्रुव, अभिषेक व पंकज ने एक-एक विकेट लिया। इस मौके पर आयोजन संयुक्त सचिव बाल किशन निषाद, ऑफीसियल व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

## सह-फसली व एकीकृत कृषि प्रणाली मॉडल किसानों के लिए लाभदायक

**अयोध्या कार्यालय। अमृत विचार :** जिला कृषि अधिकारी डॉ .ओम प्रकाश मिश्र ने सोहावल ब्लॉक क्षेत्र के कुडौली मजनावां के रहने वाले प्रगतिशील कृषक एवं सहफसली मॉडल से खेती करने वाले किसान द्वारिका प्रसाद मौर्य के फार्म का सोमवार को निरीक्षण किया। किसान मौर्य अपने प्रक्षेत्र में सभी फसलों की बुवाई लाइन से करते हैं। प्रत्येक सीजन में 10 से 15 फसल उगाते है।इनमें अनाज दलहन, तिलहन, सब्जी, मसाले शामिल है। इनके प्रक्षेत्र पर तीनों सीजन में टमाटर की खेती होती है। साथ में धनिया, आलू, फूलगोभी, पत्तागोभी, चना, मटर, लहसुन, मिर्च लोबिआ, खीरा, गाजर, मूली इत्यादि फसल लगी है। जिला कृषि अधिकारी ने कहा कि विभाग सहफसली खेती के लिए कृषकों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। अन्य किसानों को भी इसे अपनाना चाहिए। मौके पर एडीओ कृषि रंजीत तिवारी सहित अन्य लोग थे।

## मशरूम उत्पादन जैविक खेती का अच्छा विकल्प

**कुमारगंज अयोध्या। अमृत विचार :** आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के पादप रोग विज्ञान विभाग अंतर्गत गोद लिए गए गांव गोकुला कंपोजिट विद्यालय में मशरूम एवं स्पॉन उत्पादन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कुलपति कर्नल डॉ . बिजेंद्र सिंह के दिशा-निर्देशन में आयोजित किया गया। कृषि अधिष्ठाता डॉ . प्रतिभा सिंह ने प्रतिभागियों को मशरूम उत्पादन को एक लाभकारी एवं स्वरोजगार आधारित उद्यम के रूप में अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया। डॉ . प्रतिभा सिंह ने कहा कि मशरूम एक उच्च मूल्य वाला उत्पाद है, जिसकी मांग बाजार में अधिक होती है। इससे किसानों को अच्छी आय प्राप्त हो सकती है। पादप रोग विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ . एसके सिंह ने बताया कि यह कार्यक्रम किसानों, महिलाओं एवं ग्रामीण युवाओं को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। डॉ . एससी विमल व डॉ . सीताराम मिश्रा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए मशरूम उत्पादन की उपयोगिता एवं संभावनाओं पर जानकारी दी। प्रशिक्षण में किसान, महिलाएं एवं युवाओं को मिलाकर कुल 50 प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया।

# महिला हॉकी में गोरखपुर व अयोध्या की टीमें रहीं अव्वल

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश खेल निदेशालय के तत्वावधान में जिला खेल कार्यालय द्वारा आयोजित पांच दिवसीय राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता के चौथे दिन सेमीफाइनल मुकाबलों का शुभारंभ देव इंद्रावती महिला महाविद्यालय के क्रीडांगन में हर्षोल्लास के साथ हुआ। ओलंपिक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राणा रणधीर सिंह ने खिलाडियों से परिचय प्राप्त कर मैच का औपचारिक उद्घाटन किया।

राज्य स्तरीय महिला हॉकी प्रतियोगिता के चौथे दिन दो सेमीफाइनल मैच संपन्न हुए। जिसमें पहला सेमीफाइनल मैच गोरखपुर और वाराणसी के बीच संपन्न हुआ। जिसमें गोरखपुर की टीम ने वाराणसी की टीम को आठ गोल से हराया। वहीं वाराणसी की टीम अपना खाता भी नहीं खोल सकी। जबकि दूसरा सेमीफाइनल मैच अयोध्या और लखनऊ के बीच हुआ। जिसमें अयोध्या और लखनऊ की टीम अंतिम दौर तक जूझती रहीं। जिसमें अयोध्या की टीम ने एक गोल से लखनऊ की टीम को प्रतियोगिता हरा दिया। कार्यक्रम संयोजक एवं जिला हॉकी संघ के सचिव डॉ. हनुमान प्रताप सिंह ने बताया कि महिला हॉकी प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला गोरखपुर और अयोध्या के बीच खेला जाएगा। ओलंपिक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ. राणा रणधीर सिंह ने कहा कि हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है और महिलाओं की भागीदारी से यह खेल और अधिक मजबूत हो रहा है। जिला क्रीड़ाधिकारी शीला भट्टाचार्य ने भी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। कहा कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता युवा प्रतिभाओं को निखारने का बेहतरीन मंच है।


खिलाड़ियों के साथ मौजूद ओलंपिक संघ के जिला अध्यक्ष डॉ . राणा रणधीर सिंह व जिला हॉकी संघ के सचिव डॉ . हनुमान प्रताप सिंह।

### जनपद की प्रतिभाओं को दिलानी है पहचान

कार्यक्रम संयोजक एवं जिला हॉकी संघ के सचिव डॉ . हनुमान प्रताप सिंह ने आयोजन की रूपरेखा बताया। कहा कि इस प्रतियोगिता का उद्देश्य महिला हॉकी को बढ़ावा देना और जनपद की प्रतिभाओं को राज्य स्तर पर पहचान दिलाना है। उन्होंने सभी अतिथियों और खिलाडियों का स्वागत किया तथा संगठन की ओर से धन्यवाद ज्ञापित किया। डॉ . हनुमान प्रताप सिंह ने कहा कि जिला हॉकी संघ भविष्य में और अधिक बड़े आयोजनों की मेजबानी करने के लिए प्रतिबद्ध है। सेमीफाइनल मुकाबलों में महिला टीमों ने रोमांचक प्रदर्शन किया। मैचों में तेज गति, बेहतरीन ड्रिब्लिंग और सामूहिक रणनीति देखने को मिल रही है।

## पूर्व विधायक को मिली जमानत, रिहाई पर रोक

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** अकबरपुर तहसील क्षेत्र में वर्ष 2022 के जमीन कब्जा करने के मामले में पूर्व विधायक पवन पांडेय को हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। फिलहाल वह केंद्रीय कारागार फतेहगढ़ में निरुद्ध हैं। हालांकि इस बहुचर्चित मामले में जमानत मिलने के बावजूद पूर्व विधायक पवन पांडेय की रिहाई अभी संभव नहीं हो सकेगी। जानकारी के अनुसार, लगभग एक वर्ष पूर्व वर्ष 1990 में पूर्व ब्लॉक प्रमुख अनिल सिंह पर जानलेवा हमले के मामले में उन्हें सात वर्ष की सजा सुनाई गई थी। इसके अतिरिक्त जमीन कब्जा करने के मामले में पुलिस द्वारा उनके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत भी कार्रवाई की गई थी। इन दोनों मामलों में अभी तक जमानत नहीं मिल सकी है, जिसके चलते पूर्व विधायक पवन पांडेय को फिलहाल जेल में ही रहना होगा।

## विद्यालय कमेटी के पदाधिकारियों का चुनाव में जलन्धर अध्यक्ष और लीलावती बनीं प्रबंधक


लीलावती आदर्श विद्या मंदिर के नव निर्वाचित पदाधिकारी और सदस्य।

**जहांगीरगंज, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** विधान सभा क्षेत्र आलापुर अन्तर्गत रामनगर में स्थित लीलावती आदर्श विद्या मंदिर में विद्यालय कमेटी के पदाधिकारियों का चुनाव तहसीलदार आलापुर पद्मेश श्रीवास्तव की उपस्थित में सम्पन्न हुआ। संस्था के 14 सदस्यों ने निर्वाचन अधिकारी की उपस्थित में हुए मतदान में अध्यक्ष पद पर जलंधर प्रसाद मौर्य को 9 मत तथा उनके प्रतिद्वंदी सुनील मिश्रा को 5 मत प्राप्त हुए। इस प्रकार जलन्धर मौर्य को अध्यक्ष पद पर निर्वाचित घोषित किया गया। इसी तरह प्रबंधक पद पर लीलावती गोंड एवं आरएस गौतम के बीच हुए मतदान में लीलावती गोंड को 10 मत और आरएस गौतम को 4 मत मिले। जिसके बाद लीलावती गोंड को निर्वाचित घोषित किया गया। चुनाव के बाद लीलावती आदर्श विद्या मंदिर रामनगर की कार्यकारिणी घोषित किया गया। जिसमें चुनाव से जीते अध्यक्ष जलंधर प्रसाद मौर्य, प्रबंधक लीलावती गोंड, उपाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद यादव, उप प्रबंधक श्यामलाल प्रजापति, मंत्री उदयभान यादव, संयुक्त मंत्री राममिलन गोंड, कोषाध्यक्ष कमल्लुद्दीन, आडिटर राजेन्द्र प्रसाद, सदस्य अलगू राम, हरिश्चंद्र, रामसेवक, सतीश कुमार को चुना गया। कार्य कारिणी गठित होने पर निर्वाचित पदाधिकारियों एवं सदस्यों का लोगों ने फूल माला पहनाकर स्वागत सम्मान कर मिष्ठान वितरित किया।

## मुशायरा और कवि सम्मेलन गंगा-जमुनी तहजीब के प्रतीक : विधायक

**टांडा, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जनपद के टांडा क्षेत्र अंतर्गत छज्जापुर में रविवार रात राष्ट्रीय एकता के नाम ऑल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन इंसाफ टांडवी, संरक्षण हाजी अशफाक अहमद तथा अध्यक्षता डॉ . दस्तगीर अहमद ने की। संचालन मोहम्मद शफी नेशनल इंटर कॉलेज हंसवर के शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने किया। मुशायरे का शुभारंभ अहमद सईद टांडवी एवं शायरा सहर अंजुम बाराबंकवी के नाते पाक से हुआ। इस अवसर पर नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ . अतीक आलम ने जनपद के सम्मानित व्यक्तियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित टांडा विधायक राममूर्ति वर्मा ने कहा कि मुशायरा और कवि सम्मेलन हमारी गंगा-जमुनी तहजीब के प्रतीक हैं, जो आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत करते हैं। वहीं शिक्षक मोहम्मद असलम खान ने कहा कि उर्दू भाषा की मिठास सभी को आकर्षित करती है। अध्यक्षता कर रहे डॉ . दस्तगीर अहमद ने उर्दू के स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को रेखांकित किया। संयोजक इंसाफ टांडवी ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। पूरी रात चले इस मुशायरे में शायरों और कवियों ने अपनी बेहतरीन रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और मोहब्बत व भाईचारे का संदेश दिया। मुशायरे में हिमांशी बाबरा मेरठ, चांदनी मुस्कान महाराष्ट्र, अहमद सईद टांडवी, कुमैल अहमद सिद्दीकी, हकीम इरफान आजमी, कमर जीलानी टांडवी, इकरामुल हक भूलेपुरी, हसन वारसी किछौछवी, शाद अकबरपुरी, शगुफ्ता लखनवी, सलीम हमदम रुदौलवी, सलमान जफर हरदोई, उस्मान मीनाई बाराबंकवी, डॉ . दस्तगीर अंसारी, हामिद कमर जलालपुरी सहित अनेक शायरों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। इस दौरान वकार यूनुस, इसरार अहमद, अहमद जिया, इसरार कुरैशी, रघुनाथ यादव, मोहम्मद तारिक समेत बड़ी संख्या में श्रोता उपस्थित रहे।



कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देतीं शायर।

# एमएलसी ने मूल्यांकन केंद्रों का किया निरीक्षण, दिए निर्देश

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** विधान परिषद सदस्य और शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने जनपद में चल रहे बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों के साथ शिक्षकों की समस्याओं को सुना और जानकारी हासिल किया।

एमएलसी ने संत कबीर इंटर कॉलेज भैरम का पूरा सैदापुर, सरदार पटेल स्मारक इंटर कॉलेज लारपुर और बीएन इंटर कॉलेज के मूल्यांकन केंद्रों का निरीक्षण किया। इन केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर रहे शिक्षकों और शिक्षिकाओं से उन्होंने मुलाकात किया। इस दौरान विशेष आमंत्रित सदस्य प्रदेश कार्यकारिणी शर्मा गुट शिक्षक नेता अमित सिंह यादव भी उनके साथ मौजूद रहे। उन्होंने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं का जल्द ही समाधान किया जाएगा। एमएलसी ने बताया कि माध्यमिक शिक्षा के उच्च अधिकारियों और शिक्षा निदेशक को समस्याओं से अवगत कराकर उनका निराकरण कराया जाएगा। शिक्षकों ने विधायक धुरव त्रिपाठी को अपने बीच पाकर अपनी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया।


विधान परिषद सदस्य एवं शिक्षक दल के नेता ध्रुव कुमार त्रिपाठी व साथ में मौजूद माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

# केंद्रीय विद्यालय के स्थापना की मांग उठाई

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** भाजपा नेता विवेक मौर्य और एसडीएम अकबरपुर विशाल सारस्वत ने नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर अकबरपुर में केंद्रीय विद्यालय की स्थापना की बहुप्रतीक्षित मांग को प्रमुखता से उठाया।

भेंट के दौरान शिक्षा मंत्री ने विषय को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारियों को अकबरपुर में केंद्रीय विद्यालय के निर्माण से जुड़ी सभी औपचारिकताओं को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। विवेक मौर्य ने मंत्री को बताया कि जनपद में केंद्रीय विद्यालय की मांग लंबे समय से लंबित है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए इसका शीघ्र निर्माण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि इससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। एसडीएम विशाल सारस्वत ने बताया कि स्थानीय प्रशासन द्वारा केंद्रीय विद्यालय स्थापना में आ रही पूर्व की सभी बाधाओं का समाधान कर लिया गया है। नगर पालिका परिषद अकबरपुर के वार्ड सिझौली में विद्यालय निर्माण के लिए पांच एकड़ भूमि चिह्नित कर ली गई है। साथ ही स्थायी भवन निर्माण पूर्ण होने तक अस्थायी रूप से जीजीआईसी के नवीन परिसर में कक्षाएं संचालित करने की व्यवस्था भी सुनिश्चित कर ली गई है।


नई दिल्ली में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से भेंट कर पत्र सौंपते भाजपा नेता विवेक मौर्य व साथ में उपजिलाधिकारी विशाल सारस्वत।

### भाजपा नेता ने केंद्रीय मंत्री को सौंपा पत्र

केंद्रीय विद्यालय संगठन मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा पूर्व में जारी पत्रों के क्रम में निर्धारित प्रारूप के तहत प्रस्ताव प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए थे। इसी क्रम में नगर पालिका परिषद अकबरपुर द्वारा सिझौली में पांच एकड़ भूमि का चयन कर अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्ताव संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किया गया था। 23 मार्च को उक्त प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए जिलाधिकारी का पत्र केंद्रीय शिक्षा मंत्री को सौंपा गया।

उपजिलाधिकारी ने जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला का पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज शिक्षा मंत्री को सौंपते हुए शीघ्र स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया, जिस पर मंत्री ने त्वरित संज्ञान लेते हुए आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

**आयोजन** | कलेक्ट्रेट में दिखी जनकल्याणकारी योजनाओं की झलक, डीएम ने कहा

# आर्थिक सहायता व उपकरण वितरण से बढ़ी आत्मनिर्भरता

जिला संवाददाता, अंबेडकरनगर।

**अमृत विचार।** प्रदेश सरकार के नव वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नव निर्माण के 9 वर्ष थीम पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित नौ दिवसीय गरिमामयी एवं जनोन्मुखी कार्यक्रम में सरकार की उपलब्धियों और जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

डीएम अनुपम शुक्ला और सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला की उपस्थिति में उद्योग एवं श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सरकार की उल्लेखनीय उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर उपस्थित उद्यमियों, आमजन और लाभार्थियों को योजनाओं की विस्तृत जानकारी देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को आर्थिक सहायता और उपकरण प्रदान कर उन्हें सशक्त बनने के लिए प्रेरित किया। मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान के अंतर्गत संध्या को ब्यूटी पार्लर स्थापित करने के लिए पांच लाख रुपए तथा मुख्यमंत्री युवा रोजगार योजना के अंतर्गत विपुल वर्मा को प्रिंटिंग प्रेस के लिए 10 लाख रुपए का डेमो चेक प्रदान किया। इसके अतिरिक्त विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना के अंतर्गत पूजा, सीमा, शांति देवी, शिप्रा साहू और सुमन गुप्ता सहित अन्य लाभार्थियों को सिलाई मशीन वितरित की गई तथा बढ़ई ट्रेड के लाभार्थियों को टूल किट प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया।



कलेक्ट्रेट सभागार में लाभार्थी को डेमो चेक देते डीएम अनुपम शुक्ला और सीडीओ आनंद कुमार शुक्ला।

### विभिन्न योजनाओं के बारे में ली जानकारी

सूचना विभाग द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रतिभागियों को नव निर्माण के 9 वर्ष विषयक पुस्तिका, कैलेंडर और पंपलेट वितरित कर सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया गया। कार्यक्रम में सहायक उपायुक्त उद्योग, अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक, अपर जिला सूचना अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लाभार्थियों, उद्यमियों, व्यापारियों और आमजन की सक्रिय सहभागिता रही तथा सूचना विभाग द्वारा लगाई गई विकास प्रदर्शनी और स्टालों का भी भ्रमण कर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

## टैक्सी स्टैंड का ठेका अधर में लटका, नहीं आए आवेदन

**जलालपुर, अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद जलालपुर में चालू वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए टैक्सी स्टैंड की नीलामी प्रक्रिया ठप पड़ गई है। निर्धारित समय सीमा समाप्त होने के बावजूद किसी भी ठेकेदार द्वारा आवेदन न किए जाने से स्टैंड का ठेका अधर में लटक गया है। नगरपालिका प्रशासन द्वारा टैक्सी स्टैंड के संचालन के लिए नीलामी की प्रक्रिया तय करते हुए मंगलवार को बोली लगवाने की तिथि निर्धारित की गई थी। इसके लिए इच्छुक ठेकेदारों से सोमवार दोपहर एक बजे तक जमानत राशि के साथ आवश्यक अभिलेख जमा करने के निर्देश जारी किए गए थे। लेकिन तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी किसी भी व्यक्ति या ठेकेदार ने न तो जमानत राशि जमा की और न ही आवेदन प्रस्तुत किया। नगर पालिका के वरिष्ठ लिपिक राम प्रकाश पांडेय ने बताया कि निर्धारित समय के भीतर एक भी आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि अब इस संबंध में उच्चाधिकारियों से निर्देश प्राप्त कर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी।

## वीवीपैड मशीनों के रख रखाव का लिया जायजा

**अंबेडकरनगर। अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिलाधिकारी अनुपम शुक्ला ने ईवीएम वेयरहाउस का निरीक्षण कर निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार वीवीपैड मशीनों का रख रखाव एवं सुरक्षा का अवलोकन किया। इस दौरान आयोग के निर्देशानुसार राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। आयोग के निर्देश पर ईवीएम वेयर हाउस एवं वीवीपैड का त्रैमासिक निरीक्षण किया जाता है। जिलाधिकारी ने ताला खुलवाकर ईवीएम मशीनों की सुरक्षा व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरों की जांच किया। इस दौरान जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि ईवीएम वेयरहाउस में सुरक्षा व्यवस्था और पारदर्शिता के मानकों का पालन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी के साथ में अपर जिलाधिकारी उप जिला निर्वाचन अधिकारी ज्योत्सना बंधु, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी महेश चंद्र द्विवेदी और राष्ट्रीय एवं राजकीय राजनीतिक मान्यता प्राप्त दल के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# दो दिन छुट्टी के बाद मेडिकल कॉलेज में मरीजों का तांता

## घंटों लाइन में लगने के बाद मिला इलाज, हर काउंटर पर लगी रही कतार

**फजीहत**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** दो दिन ईद की छुट्टी और रविवार के अवकाश के बाद सोमवार को मेडिकल कॉलेज खुलते ही मरीजों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही रजिस्ट्रेशन काउंटर पर लंबी लाइन लग गई, जो धीरे-धीरे और बढ़ती चली गई। रजिस्ट्रेशन के बाद चिकित्सकों की ओपीडी के बाहर भी हालात बेकाबू हो गए और मरीजों के बीच धक्का-मुक्की की स्थिति बन गई। मौके पर पहुंचे सिक्योरिटी गार्डों ने किसी तरह स्थिति को संभाला। इलाज के बाद दवा काउंटर पर भी मरीजों को राहत नहीं मिली। यहां भी लंबी कतारों में घंटों इंतजार करना पड़ा। कुड़वार कस्बे के राम खेलावन ने बताया कि डॉक्टर को दिखाने से ज्यादा समय दवा लेने में लग गया। वहीं धम्मौर के गुलाब ने कहा कि सुबह से लाइन में लगे हैं और डेढ़ बजने के बाद भी दवा नहीं मिल पाई है। कुछमूछ के बलवंत ने बताया कि वह अपनी भाभी का इलाज कराने आए थे, लेकिन लगातार लाइन में खड़े रहने से खुद उन्हें तकलीफ होने लगी।



मेडिकल कॉलेज में पर्चा कटाने के लिए लगी कतार। अमृत विचार

### 2355 रजिस्ट्रेशन के बाद फुल हो गई ओपीडी गैलरी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** सोमवार को पुरुष रजिस्ट्रेशन काउंटर पर कुल 2355 मरीजों का पंजीकरण किया गया। पर्ची काउंटर पर तैनात आमिर ने बताया कि सुबह से एक पल भी रुकने का मौका नहीं मिला और लगातार काम करना पड़ा। महिला अस्पताल में भी 700 मरीजों का रजिस्ट्रेशन हुआ, जिससे वहां भी भीड़ का दबाव बना रहा। इसके अलावा पुरानी बिल्डिंग के एक्स-रे विंग में कुल 220 एक्स-रे किए गए। मरीजों की बढ़ती संख्या के चलते अस्पताल की व्यवस्थाएं चरमरा गईं और लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को मिलेगा 'मुख्य सेविका' का दर्जा

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से चली आ रही मांग के बीच अब उन्हें 'मुख्यसेविका' का दर्जा देने की कवायद तेज हो गई है। बाल विकास विभाग ने इस दिशा में आवश्यक प्रक्रिया शुरू कर दी है, जिससे हजारों कार्यकर्ताओं को सीधा लाभ मिलने की उम्मीद है।

जिले में कार्यरत सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के दस्तावेज संबंधित बाल विकास परियोजना कार्यालयों पर अपलोड कराए जा रहे हैं। इसके लिए निवास प्रमाण पत्र, आय प्रमाण पत्र, उच्चतर शिक्षा की मार्कशीट और नियुक्ति पत्र अनिवार्य रूप से मांगे गए हैं। विभागीय अधिकारी इस प्रक्रिया को पारदर्शी और समयबद्ध तरीके से पूरा कराने में जुटे हैं।

जिला कार्यक्रम अधिकारी शरद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि संबंधित बाल विकास परियोजनों से जुड़े आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के दस्तावेज सीडीपीओ द्वारा जमा कराए जा रहे हैं। निदेशालय द्वारा दस्तावेजों का सत्यापन पूरा होने के बाद पात्र कार्यकर्ताओं को मुख्यसेविका के रूप में पदोन्नत करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी। इससे न केवल कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियों में वृद्धि होगी, बल्कि उन्हें मानदेय और अन्य सुविधाओं में भी बढ़ोतरी होगी। इस पहल से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं में उत्साह देखा जा रहा है। वहीं, विभाग का मानना है कि इससे महिला एवं बाल विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में और अधिक मजबूती आएगी।

## पेट्रोल पंप लूट कांड में दो दोषी करार, सात-सात वर्ष की सजा

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र स्थित के.बी.एस. पेट्रोलियम अमहट पर वर्ष 2023 में हुई लूट की घटना में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह की अदालत ने सोमवार को अहम फैसला सुनाते हुए दो आरोपियों को दोषी करार दिया है। न्यायालय ने प्रतापगढ़ जनपद के थानाक्षेत्र के चलाकपुर बाद फरोसन दिलीपपुरा निवासी अरबाज व शिवसत दिलीपपुर निवासी मोहम्मद शाहरुख को लूट समेत अन्य आरोप के तहत 7-7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 10-10 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाकर जेल भेज दिया। अर्थदंड न अदा करने पर दोषियों को तीन-तीन माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना होगा। वरिष्ठ अभियोजन अधिकारी शैलेश चतुर्वेदी के अनुसार 12 अप्रैल 2023 की रात करीब 12 :35 बजे केबीएस पेट्रोल पंप पर ड्यूटी कर रहे सेल्समैनों से चार अज्ञात बदमाशों ने असलहे के बल पर करीब 50 हजार रुपये व एक मोबाइल फोन लूट लिया था। इस संबंध में वादी मुकेश पाण्डेय ने कोतवाली नगर में मुकदमा दर्ज कराया था। न्यायालय ने उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर दोनों अभियुक्तों को दोषी मानते हुए यह सजा सुनाई। न्यायालय ने आदेश में कहा कि गंभीर अपराधों में उचित दंड आवश्यक है, जिससे न्याय व्यवस्था में जनता का विश्वास बना रहे।

## पूर्व विधायक से 57 लाख की ठगी

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पूर्व विधायक व समाजवादी पार्टी के नेता अनिल कुमार पांडेय के साथ लखनऊ में मकान दिलाने के नाम पर 57 लाख रुपये की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सावंत के अनुसार, कोतवाली नगर के लक्ष्मणपुर निवासी अनिल कुमार पांडेय ने अपनी शिकायत में बताया कि उनके गांव के वरुण कुमार मिश्र ने उनकी मुलाकात लखनऊ निवासी अरविंद कुमार मिश्र से कराई, जो प्रॉपर्टी के खरीद-बिक्री का काम करता है। आरोप है कि अरविंद कुमार मिश्र ने सीतापुर रोड स्थित आलोक नगर में एक मकान दिखाकर 60 लाख रुपये में सौदा तय कराया। तय शर्तों के अनुसार 57 लाख रुपये अग्रिम और शेष तीन लाख रुपये रजिस्ट्री के समय देने की बात हुई। शिकायत के मुताबिक सितंबर 2022 से मार्च 2023 के बीच पांडेय ने आरोपी और उसकी कंपनी के खाते में कुल 57 लाख रुपये जमा कर दिए। रकम देने के बाद जब भी रजिस्ट्री कराने की बात हुई, आरोपी टालमटोल करता रहा। बाद में जब पांडेय मौके पर पहुंचे तो पता चला मकान किसी अन्य के नाम है। खुद के साथ धोखाधड़ी होने का एहसास होने पर उन्होंने आरोपी से संपर्क किया, जिस पर आरोपी ने पैसे लौटाने का आश्वासन दिया और करीब 27 लाख रुपये वापस कर दिए, जबकि बाकी रकम अब भी बकाया है।

## एक ही मंडप में 441 जोड़े बने जीवनसाथी



नव विवाहित जोड़ों को पत्र देते विधायक राजेश गौतम। अमृत विचार

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** दोस्तपुर के एक निजी कॉलेज में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित हुआ। जिसमें दोस्तपुर, कादीपुर, अखण्ड नगर व करौंदी कला विखं के जोड़े मौजूद रहे। अध्यक्षता कादीपुर विधायक राजेश गौतम ने की जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 439 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। वहीं दो जोड़ों को मौलवी ने निकाह पढ़ाया। विधायक ने नवविवाहित जोड़ों पर पुष्प वर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में कुल 441 जोड़ों का विवाह हुआ।

## शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने बाद में शादी से इनकार का मामला सामने आया है। धनपतगंज थाना क्षेत्र के बल्दन पांडेय का पुरवा निवासी एक युवक पर हरियाणा की युवती ने गंभीर आरोप लगाए हैं। पीड़िता के अनुसार वह हरियाणा के मानेसर की निवासी है वहीं वह एक निजी कंपनी में कार्यरत है। हरियाणा में ही उसकी मुलाकात श्रीराम से हुई। दोनों एक ही कार्यालय में काम करते थे। आरोप है कि युवक ने शादी का झांसा देकर उसके साथ कई बार शारीरिक संबंध बनाए। युवती का कहना है कि जब उसने शादी की बात की तो आरोपी मुकर गया और उसे टालने लगा।

## आवासीय क्रीड़ा छात्रावास को 8 खेलों में ट्रायल

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पंत स्पोर्ट्स स्टेडियम में यूपी के आवासीय क्रीड़ा छात्रावासों में प्रवेश के लिए ट्रायल प्रक्रिया हुई। पहले दिन 8 खेलों में खिलाड़ियों की प्रतिभा का परीक्षण हुआ जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। ट्रायल के दौरान जिम्नास्टिक, तैराकी, कुश्ती, हॉकी, वॉलीबॉल, फुटबॉल, बैडमिंटन और टेबल टेनिस खेलों में चयन प्रक्रिया संपन्न कराई गई। चयन के दौरान खिलाड़ियों की तकनीकी दक्षता, फिटनेस और खेल कौशल का आकलन विशेषज्ञों द्वारा किया गया। क्रीड़ा अधिकारी राजेश कुमार सोनकर ने बताया चयनित खिलाड़ियों की सूची मंडल स्तरीय ट्रायल से पहले खेल कार्यालय में चस्पा कर दी जाएगी।

**न्यूज ब्रीफ**

### दो छात्रों का नवोदय विद्यालय में चयन होने से लोगों में खुशी

**बल्दीराय, सुलतानपुर :** धनपतगंज विकास खंड के देहली बाजार स्थित आरबी इंटरनेशनल स्कूल के दो होनहार छात्रों के नवोदय विद्यालय में चयन से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। कक्षा पांच के छात्र सूर्यांश यादव ने चौथी रैंक हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया, जबकि सूर्यांश दूबे ने 64वीं रैंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। दोनों विद्यार्थियों की सफलता पर शिक्षकों व अभिभावकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई दी। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मीनाक्षी तिवारी ने छात्रों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपलब्धि अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा बनेगी। उन्होंने बताया कि कड़ी मेहनत, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन से ही यह सफलता संभव हुई है। विद्यालय परिवार ने दोनों छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### रंगारंग कार्यक्रम संग आरजी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव संपन्न

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** कूरेभार क्षेत्र के फुलौना चौराहा स्थित आरजी पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव रंगारंग कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां देकर दर्शकों का मन मोह लिया। भगवान श्रीराम पर आधारित प्रस्तुति विशेष आकर्षण रही, जिसे खूब सराहा गया। इसके अलावा गणेश वंदना, कोरोना विषय पर नाट्य मंचन, आत्मरक्षा प्रदर्शन और देशभक्ति कार्यक्रमों ने भी सभी को प्रभावित किया। समारोह में आदि उपस्थित रहे। बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना भी की गई। विद्यालय के प्रबंधक पंकज सिंह ने अतिथियों और अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### संदिग्ध हालात में किशोरी ने खाया जहर

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** पीपरपुर थाना क्षेत्र के त्रिशुंडी गांव की रहने वाली 18 वर्षीय किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में विषाक्त पदार्थ खा लिया, जिससे उसकी हालत अचानक बिगड़ गई। परिजनों ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज चल रहा है। घटना के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है।

### फंदे से लटकता मिला युवती का शव

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अन्नपूर्णा नगर निवासी राम तीरथ की 22 वर्षीय पुत्री शिवानी ने बीती रात संदिग्ध परिस्थितियों में अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बताया जा रहा है कि परिजनों को जब घटना का पता चला तो उसका भाई रोशन कुमार आनन-फानन में उसे लेकर मेडिकल कॉलेज पहुंचा, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### जेल मे निरुद्ध आरोपित को राहत

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** करौंदी कला के एक गांव से दो नवंबर को किशोरी के अपहरण व दुष्कर्म के केस में पॉक्सो कोर्ट जज नीरज श्रीवास्तव ने जौनपुर के थाना क्षेत्र सुजानगंज के गोवांवा निवासी रितेश को राहत देते हुए जमानत मंजूर कर ली है। आरोपी के अधिवक्ता अंकुर पांडेय के मुताबिक पीड़िता के पिता ने कथित घटना के संबंध में केस दर्ज कराया था। कोर्ट में पीड़िता के पुलिस के समक्ष व मजिस्ट्रेट के समक्ष विरोधाभासी गवाही व अन्य उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर कोर्ट ने अभियोजन व बचाव पक्ष को सुनने के बाद जमानत मंजूर कर ली है।

# कार्यक्रम में नारी सशक्तीकरण पर जोर

**आयोजन**

संवाददाता, सुलतानपुर

**अमृत विचार:** सेवा भारती कुश भवनपुर, द्वारा संचालित रानी लक्ष्मीबाई किशोरी विकास केंद्र पर एक प्रेरणादायी एवं संस्कारपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ज्योति तिवारी ने की, जबकि संचालन शालिनी ने प्रभावशाली ढंग से किया।

मुख्य वक्ता रश्मि ने कहा कि जब बेटियां शिक्षित, संस्कारी और आत्मविश्वासी बनती हैं, तभी परिवार, समाज और राष्ट्र मजबूत बनता है। जया सिंह ने किशोरियों में हो रहे सकारात्मक बदलावों पर प्रकाश डालते हुए उन्हें जागरूक और आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया। दीपा मिश्रा ने किशोरियों को अपने माता-पिता से जुड़ाव बनाए रखने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जीवन की हर बात उन्हें साझा करनी चाहिए। साथ ही उन्होंने गुड टच और बैड टच के बारे में जानकारी देकर सुरक्षा के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

प्रीति ने परिवार और संस्कारों के महत्व को बताते हुए माता-पिता के प्रति सम्मान बनाए रखने पर जोर दिया। कहा सभी को माता-पिता का सम्मान करना चाहिए। पुष्पा सिंह ने आध्यात्मिक विषयों पर चर्चा करते हुए उपस्थित महिलाओं और किशोरियों के साथ हनुमान चालीसा का पाठ कराया और भारतीय संस्कृति से जुड़े रहने की प्रेरणा दी। ससी ने भी शिक्षा, अनुशासन और संस्कार के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में सभी प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अंत में अध्यक्षता कर रहीं ज्योति तिवारी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। यह आयोजन नारी सशक्तीकरण और सामाजिक जागरूकता की दिशा में सेवा भारती का एक सराहनीय प्रयास साबित हो रहा है।

# राहुल गांधी मानहानि मामले में वॉयस सैंपल पर आपत्ति दाखिल, 27 को अगली सुनवाई

**विधि संवाददाता, सुलतानपुर:** कांग्रेस नेता एवं सांसद राहुल गांधी से जुड़े मानहानि वाद में सोमवार को एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा की अदालत में अहम सुनवाई हुई। अदालत में परिवादी पक्ष द्वारा प्रस्तुत सीडी में उपलब्ध ऑडियो-वीडियो की सत्यता की जांच के लिए वॉयस सैंपल लेने की मांग पर बचाव पक्ष ने आपत्ति दर्ज कराई है। अब इस मामले में अगली सुनवाई 27 मार्च को होगी। सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ल ने वॉयस सैंपल लेने की मांग का विरोध करते हुए आपत्ति दाखिल की। वहीं परिवादी पक्ष के अधिवक्ता संतोष पांडेय ने परिवादी के न आने से हाजिरी माफी व समय दिए जाने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। अदालत ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अगली तिथि निर्धारित कर दी। परिवादी पक्ष का कहना है कि प्रस्तुत सीडी में दर्ज ऑडियो-वीडियो में मौजूद आवाज की पुष्टि के लिए राहुल गांधी का वॉयस सैंपल लेकर वैज्ञानिक परीक्षण कराया जाना आवश्यक है। इसके विपरीत बचाव पक्ष ने इस प्रक्रिया पर कानूनी आपत्ति जताई है। यह मामला वर्ष 2018 में बेंगलुरु में आयोजित एक जनसभा के दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ कथित टिप्पणी से जुड़ा है। इस संबंध में भाजपा नेता विजय मिश्र ने 4 अगस्त 2018 को सुलतानपुर की अदालत में मानहानि वाद दायर किया था। मामले में अदालत ने 27 नवंबर को राहुल गांधी को तलब किया था। इसके बाद 20 फरवरी 2024 को उन्होंने अदालत में उपस्थित होकर जमानत कराई। वहीं 25 जुलाई 2024 को व्यक्तिगत रूप से पेश होकर उनका बयान भी दर्ज किया गया।



लंभुआ में धरना देते किसान। अमृत विचार

## पेशकार और कानूनगो पर भ्रष्टाचार का आरोप

**लंभुआ, सुलतानपुर :** तहसील क्षेत्र में एसडीएम के पेशकार एवं कानूनगो पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए किसानों ने उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। चेताया कि यदि 31 मार्च तक समस्याओं का निस्तारण नहीं हुआ तो एक अप्रैल को आरपार की लड़ाई लड़ी जाएगी। तहसील परिसर में भाकियू (राष्ट्रीयतावादी गुट) के जिलाध्यक्ष गौरी शंकर पांडे के नेतृत्व में किसानों की बैठक हुई। बैठक में प्रदेश महासचिव राम कृपाल सिंह ने कहा एसडीएम के पेशकार द्वारा किसानों के मुकदमों से जुड़ी फाइलों में हेराफेरी की जाती है। वहीं, कानूनगो पर धारा 24 से संबंधित मामलों में गलत पैमाइश कर रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया गया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष राज नारायण तिवारी, रमेश चंद्र दूबे, अरविंद उपाध्याय, अवधेश मिश्रा, अनिल वर्मा, विष्णु मिश्रा, करीम खान, सुनील यादव, बंसराज मौर्य, सरिता, गीता, वंदना आदि मौजूद रहीं।

## क्रिकेट के विवाद में किशोर को पीटा, केस

**दोस्तपुर, सुलतानपुर :** गंगापुर भुलिया गांव में क्रिकेट खेलने के दौरान हुए मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। अगले दिन रविवार को किशोर पर हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। पुलिस ने मामले में दो आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़ित अनुराग निषाद के अनुसार, 21 मार्च को गांव के ही अभिनव उर्फ छोटू पांडेय और अमन दूबे के साथ क्रिकेट खेलते समय कहासुनी हो गई थी। विवाद के अगले दिन सुबह करीब 9 बजे जब वह नहर किनारे गया, तो दोनों आरोपियों ने उसे घेर लिया और हाकी व डंडे से हमला कर दिया। हमले में अनुराग के पैर और आंख के पास गंभीर चोटें आईं। शोर मचाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।



श्रीराम सम्मान से सम्मानित होतीं डॉ. सुनीता श्रीवास्तव। अमृत विचार

## सुलतानपुर की बेटी को मिला श्रीराम सम्मान

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** अयोध्या में आयोजित 'श्रीराम अंतर्राष्ट्रीय साहित्य महोत्सव' के 5वें संस्करण में सुलतानपुर की साहित्यकार डॉ. सुनीता श्रीवास्तव को 'श्रीराम सम्मान' से सम्मानित किया गया। पीआईयू ट्रस्ट के तत्वावधान में सिविल लाइंस स्थित प्रेस क्लब में आयोजित महोत्सव में साहित्यकारों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि हरीश श्रीवास्तव व अध्यक्षता कर रहे डॉ. राम रतन श्रीवास राधे-राधे की उपस्थिति ने आयोजन को गरिमा प्रदान की। 'श्रीराम इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी' व श्रीराम गुरुकुलम की स्थापना की घोषणा भी की गई जिसे लोगों ने सराहा। डॉ. सुनीता श्रीवास्तव को उनके उत्कृष्ट साहित्यिक योगदान के लिए यह सम्मान प्रदान किया गया। उनके सम्मानित होने से जिले में खुशी की लहर है। शिक्षकों, साहित्यकारों और समाजसेवियों ने इसे जिले के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताते हुए उन्हें बधाई दी है।




शहीदों को श्रद्धांजलि देते लोग। अमृत विचार

## क्रांतिकारियों को दी गयी श्रद्धांजलि

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव के शहादत दिवस पर स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया एवं डेमोक्रेटिक यूथ फेडरेशन ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला पंचायत परिसर में शहीदों के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस दौरान इंकलाब जिंदाबाद और शहीद अमर रहें के नारों से वातावरण गूंज उठा। गोष्ठी को संबोधित करते हुए एसएफआई के जिला सचिव दुर्गेश यादव ने कहा कि भगत सिंह एक विचारधारा हैं, जिनसे प्रेरणा लेकर युवाओं को अपने अधिकारों के लिए संगठित होना चाहिए। जनवादी नवजवान सभा के जिला सचिव विवेक विक्रम सिंह ने बेरोजगारी और महंगाई जैसे मुद्दों पर चिंता जताते हुए युवाओं से संघर्ष के लिए आगे आने का आह्वान किया। ऑल इंडिया लॉयर्स यूनियन के जिला मंत्री राम सजीवन शर्मा ने शिक्षा के निजीकरण पर चिंता व्यक्त करते हुए समान अवसर की आवश्यकता बताई।

## स्मार्ट मीटर बना सिरदर्द, भुगतान के बाद भी कट रही बिजली

**सुलतानपुर, अमृत विचार :** जिले में लागू की गई स्मार्ट मीटर प्रणाली अब उपभोक्ताओं के लिए बड़ी परेशानी का कारण बनती जा रही है। भुगतान के बावजूद समय पर अपडेट न होने और लगातार बिजली कटौती से लोग खासे परेशान हैं। सोमवार को दर्जनों उपभोक्ताओं ने डीएम को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा। उपभोक्ताओं का कहना है कि बिल जमा करने के बाद भी दो से तीन दिन तक सिस्टम में भुगतान दर्ज नहीं होता, जिससे अनावश्यक रूप से बिजली आपूर्ति बाधित हो जाती है। शिकायतों के समाधान को लेकर भी हालात संतोषजनक नहीं हैं। विभागीय अधिकारियों द्वारा अक्सर सिस्टम ऑटोमेटेड है कहकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया जाता है। इससे आम उपभोक्ता खुद को असहाय महसूस कर रहा है। लोगों का कहना है कि जब समय पर भुगतान के बाद भी बिजली नहीं मिलती, तो पूरी व्यवस्था पर सवाल खड़े होते हैं। स्थानीय नागरिकों ने मांग की है कि एक मजबूत कस्टमर केयर सिस्टम स्थापित किया जाए, जो कम से कम 12 घंटे तक सक्रिय रहे। साथ ही पेमेंट सिस्टम और सर्वर को अपडेट कर भुगतान परिलक्षित करने की व्यवस्था, बिलिंग व मीटर रीडिंग संबंधी शिकायतों का निस्तारण और बिजली कटने पर तुरंत आपूर्ति बहाली की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

# पंकज दूबे फिर बने शाखा मंत्री बृजेश यादव चुने गए अध्यक्ष

**सुलतानपुर, अमृत विचार:** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन (यूआरएमयू) शाखा की मासिक ब्रांच काउंसिल बैठक सोमवार को यूनियन कार्यालय में आयोजित की गई। बैठक के दौरान शाखा के पुनर्गठन के लिए चुनाव सम्पन्न हुआ, जिसमें पंकज दूबे को एक बार फिर निर्विरोध शाखामंत्री चुना गया, जबकि बृजेश यादव को शाखा अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। चुनाव प्रक्रिया की निगरानी के लिए दिल्ली से केंद्रीय उपाध्यक्ष जगदंबा तिवारी, लखनऊ से मंडलमंत्री अवधेश दूबे और कार्यकारी अध्यक्ष पियूष निगम उपस्थित रहे। उनके सुलतानपुर आगमन पर सैकड़ों कर्मचारियों ने ढोल-नगाड़ों और पुष्पहार के साथ भव्य स्वागत किया। बैठक के दौरान संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया गया और कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान के लिए एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया गया। इस अवसर पर केंद्रीय उपाध्यक्ष द्वारा अतुल कुमार, आकाश तिवारी, रविंद्र कुमार और गौरव सिंह को यूनियन की सदस्यता भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विनोद वर्मा, धीरज मिश्रा, श्यामसुंदर, गुलाब चन्द्र, नितिश कुमार, विपिन कुमार, मानवेन्द्र सिंह, सियाराम चौरसिया, शिवराम यादव रहे।



पंकज दूबे।



बृजेश यादव।


अमृत विचार

क्लासीफाइड

विज्ञापन हेतु अमृत विचार कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं अवन्तिकाबेन कल्पेश पटेल पुत्री श्री अरुणभाई मूलजीभाई पटेल अपना नाम अवन्तिकाबेन कल्पेश पटेल को परिवर्तित करके अवन्तिकाबेन पटेल कर रही हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु अवन्तिकाबेन पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **अवन्तिकाबेन पटेल पुत्री श्री अरुणभाई मूलजीभाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

मैं अपने पुत्र अशोक कुमार व पुत्रवधू लक्ष्मी को गलत आचरण के कारण अपने समस्त चल अचल संपतियों व संबंधों से बेदखल करता हूं। भविष्य में इनके किसी भी कृत्यों से मेरा कोई लेनादेना नहीं है। **तिलकराम पुत्र अलगाई निवासी चौनपुर भगवानपुर जिला बलरामपुर।**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं सपनाबेन राजेंद्र भाई पटेल पुत्री श्री कान्ति भाई पटेल अपना नाम सपनाबेन राजेंद्र भाई पटेल को परिवर्तित करके सपना पटेल कर रही हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु सपना पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **सपना पटेल पुत्री श्री कान्ति भाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

मेरा हाई स्कूल परीक्षा वर्ष 2023 अनुक्रमांक 1231412986 व इंटरमीडिएट परीक्षा वर्ष 2025 अनुक्रमांक 2256183180 के प्रमाण पत्र सह अंक पत्र वास्तव में कहीं खो गए हैं। **प्रार्थी ज्योति पुत्री बृजमोहन ग्राम पोस्ट लुघपुरा बिधूना जनपद औरैया**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कल्पेश राजेंद्र भाई पटेल पुत्र श्री राजेंद्र भाई पटेल अपना नाम कल्पेश राजेंद्र भाई पटेल को परिवर्तित करके कल्पेश पटेल कर रहा हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उद्देश्यो हेतु कल्पेश पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा। **कल्पेश पटेल पुत्र श्री राजेंद्र भाई पटेल माकन संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेंद्र भाई पुत्र श्री मगन भाई पटेल अपना नाम राजेंद्र भाई को परिवर्तित करके राजेंद्र भाई पटेल कर रहा हूँ अतः भविष्य में मुझे सभी उदेश्यो हेतु राजेंद्र भाई पटेल नाम से जाना एवं पहचाना जायेगा । **राजेंद्र भाई पटेल पुत्री श्री मगन भाई पटेल मकान संख्या 15 इलाहबाद बैंक रोड हरदोई**

**सूचना**

मैने अपना नाम MOHAMMAD HAROON से बदलकर MOHD HAROON रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-SULEMAN ADD-660/7/P-86A PHOOL BAGH COLONY BAHADURPUR, KURSI ROAD, ERAM MEDICAL COLLEGE, GUDAMBA, DIST-LUCKNOW-226026 (U.P.)

**सूचना**

I, SAREEF S/O MOHAMMAD HANIF, R/O MOHALLA-PATEL NAGAR, UTRAULA, BALRAMPUR, UP, HEREBY INFORM EVERYONE THAT I HAVE CHANGED MY NAME TO MOHAMMAD SHAREEF , AND HENCEFORTH I SHOULD BE KNOWN, IDENTIFIED, AND ADDRESSED AS MOHAMMAD SHAREEF.

**सूचना**

मैने अपना नाम VIGYAN SINGH से बदलकर VIGYAN RAJESH SINGH रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना और पहचाना जाय । S/o Rajesh Kumar Singh Add- Flat No 3A 106 Sixth Floor Wing A Tower 1 Golf View Appartment Sector-i Ansal Sushant Golf City Lucknow UP-226030

**सूचना**

मैने अपना नाम CHABIWALA NAYIAM YUSUF से बदलकर MOHAMMAD NAEEM रख लिया अब इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। S/0-MOHAMMAD YUSUF ADD-614/P 7B/KH 71A FAIZULLAGANJ-2 NEAR NASIR FARM RAHIM NAGAR DIDAULI, DIST-LUCKNOW-226020 (U.P.)

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र महेन्द्र कुमार को गलत चाल चलन के कारण अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी भी कृत्य या लेन देन का वह स्वयं जिम्मेदार होगा। आज से मेरा उससे कोई संबंध नहीं रहेगा। **रामरतन पुत्र बनवारी निवासी मोहल्ला नयीवस्ती तहसील शाहाबाद जनपद हरदोई**

**सूचना**

मैं **चंद्रवती पत्नी संकठा प्रसाद नि. गजोधरपुर मोड़ 25वाहिनी पीएसी, रायबरेली**, अपने बड़े पुत्र उमेश कुमार धीमान को परिवार विरोधी व अनैतिक कृत्यों के कारण अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करती हूं। भविष्य में मेरा व मेरे परिवार का कोई लेना देना नही होगा।

**सूचना**

पहले मेरा नाम SHAHNEWAZ AHMAD था अब मैने बदलकर अपना नाम SHAH NEWAZ AHAMAD रख लिया है भविष्य में मुझे SHAH NEWAZ AHAMAD के नाम से जाना व पहचाना जाए। S/O- GULAM ZILANI R/O- FLAT NO-108, 1ST FLOOR, AJEET RESIDENCY SECTOR - 2, VIKAS NAGAR LUCKNOW 226022

**सूचना**

मैं **बिमला पत्नी मंगल निवासी ग्राम मसौलिया तहसील करनैलगंज जिला गोंडा** की निवासिनी हूँ। मेरे सभी अभिलेखानुसार व वास्तविक नाम और पता यही है। जबकि आधार कार्ड में त्रुटिवश जय कला दर्ज हो गया था। जिसे मैंने सही करा दिया है। मेरे वास्तविक नाम बिमला पत्नी मंगल के नाम से ही जाना व पहचाना जाए।

**सूचना**

मै **बिहारी लाल पुत्र जंगली, निवासी- ग्राम मनिहार खेड़ा मजरा बडखोरवा थाना रहीमाबाद तहसील मलिहाबाद जिला लखनऊ** का है। मेरा मझला पुत्र विरेन्द्र कुमार मुझे व मेरी पत्नी व मेरे अन्य पुत्र पुत्रियों को प्रताडित किया करता है और किसी की बात भी नही मानता है। इसलिए मै तथा मेरा उपरोक्त परिवार मझिले पुत्र विरेन्द्र कुमार के चालो चलन व व्यवहार से परेशान है। यदि विरेन्द्र कुमार कही भी किसी के साथ कोई अप्रिय घटना घटित कर दे तो उसका स्वयं जिम्मेदार होगा। इसलिए मै अपने पुत्र विरेन्द्र कुमार को अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। और आज की तारीख से मेरी सम्पत्ति व मेरे परिवार से विरेन्द्र कुमार को कोई वास्ता नही रहा है।

**सूचना**

गोंडा आर्म रेसलिंग एसोसिएशन इंद्रासन भवन सिविल लाइन गोंडा का पंजीकरण शिवांश सिंह द्वारा सचिव की हैसियत से संबंधित विभाग में आनलाइन आवेदन के उपरांत कार्यालय डिप्टी रजिस्ट्रार पत्रांक डीआईएस/378341 दिनांक 10-03-2026 के अनुपालन में सूचना प्रसारित की जा रही है कि गोंडा आर्म रेसलिंग एसोसिएशन इंद्रासन भवन सिविल लाइन गोंडा के नाम से मिलती जुलती अन्य कोई संस्था पूर्व में पंजीकृत नहीं है, यदि किसी को कोई आपत्ति होती है तो सूचना प्रसारण के 15 दिन के अंदर कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है। **शिवांश सिंह, सचिव, गोंडा फुटबाल एसोसिएशन इंद्रासन भवन सिविल लाइन गोंडा।**

# संगठन में बदलाव, पुराने चेहरों की छुट्टी, नए को तरजीह

**गोंडा, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी ने नए जिलाध्यक्ष के चुनाव के महज एक महीने के भीतर जिला संगठन की नई कार्यकारिणी घोषित कर दी है। नई सूची में बड़े पैमाने पर बदलाव देखने को मिला है। कई पुराने चेहरों को बाहर का रास्ता दिखाते हुए नए चेहरों को संगठन में तरजीह दी गई है।

नई कार्यकारिणी में पूर्व जिला उपाध्यक्ष अनुपम प्रकाश मिश्र व राजेश राय चंदानी, जिला महामंत्री आशीष त्रिपाठी और जिला मंत्री रामतीरथ वर्मा को जगह नहीं मिली है। हालांकि राजेश राय चंदानी की पत्नी लक्ष्मी चंदानी को जिला मंत्री बनाया गया है। सबसे बड़ा झटका विदेश राज्यमंत्री व सांसद कीर्तिवर्धन सिंह के करीबी माने जाने वाले जिला कोषाध्यक्ष संदीप पांडेय को लगा है, जिन्हें इस बार कार्यकारिणी से पूरी तरह बाहर रखा गया है।



- भाजपा ने जारी की जिला संगठन के पदाधिकारियों व कार्यकारिणी सदस्यों की सूची

**25** पदाधिकारी भाजपा की नयी सूची में हैं शामिल

**64** कार्यकारिणी सदस्य भी हैं शामिल

भाजपा की ओर से जारी नई सूची में कुल 25 पदाधिकारी और 64 कार्यकारिणी सदस्य शामिल किए गए हैं। नई कार्यकारिणी में नए जिलाध्यक्ष अकबाल बहादुर तिवारी की पसंद और छाप साफ दिखाई दे रही है। माना जा रहा है कि पार्टी नेतृत्व ने उन्हें अपनी पसंद की टीम चुनने की पूरी छूट दी है।

नई सूची में जिला उपाध्यक्षों की लंबी फेहरिस्त घोषित की गई है। वरिष्ठ नेता अर्जुन प्रसाद तिवारी, प्रमोद आर्य चंचल, हरीश शुक्ला, वंदना गुप्ता, संदीप सिंह, नीरज मौर्य, विशाल अग्रवाल और जनार्दन प्रसाद वर्मा को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है।

वहीं विष्णु प्रताप नारायण सिंह, राकेश तिवारी और रणजीत बाबा कश्यप को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अलावा अजय सिंह पिंटू, रीता सिंह, विष्णु प्रताप पांडेय, शिवदास कनौजिया, जितेंद्र पांडेय और लक्ष्मी चांदनी को जिला मंत्री बनाया गया है।

लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय छात्रसंघ के निवर्तमान अध्यक्ष उमेश शुक्ला तथा भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता को भी जिला मंत्री का दायित्व दिया गया है। इसी क्रम में त्रिजुगी नारायण शुक्ला को जिला कोषाध्यक्ष और विनय शर्मा को जिला सह-कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

अधिवक्ता विवेक मणि श्रीवास्तव को मीडिया प्रभारी तथा अभिषेक दत्त त्रिपाठी को सह मीडिया प्रभारी नामित किया गया है। संदीप कुमार को जिला कार्यालय मंत्री और अतुल श्रीवास्तव को जिला सह कार्यालय मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। संगठन में किए गए इस व्यापक फेरबदल को आगामी चुनावी रणनीति और स्थानीय समीकरणों के लिहाज से अहम माना जा रहा है। विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह समेत सभी विधायकों व कार्यकर्ताओं ने सभी पदाधिकारियों को बधाई दी है।

### कार्यवाहक जिला अध्यक्ष भी बाहर

**गोंडा, अमृत विचार :** अमर किशोर कश्यप उर्फ बमबम को जिलाध्यक्ष पद से हटाए जाने के बाद पार्टी ने जसवंत लाल सोनकर को पार्टी के कार्यवाहक जिलाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी थी। लगभग आठ महीने तक वह पार्टी में सक्रिय रहे। नया जिलाध्यक्ष बनने के बाद उम्मीद थी कि पार्टी में उन्हें अहम जिम्मेदारी मिलेगी लेकिन नई कार्यकारिणी से उन्हें भी निराशा हाथ लगी है। उनका नाम भी नई कार्यकारिणी में शामिल नहीं है।

### बदलाव संगठन का हिस्सा है

जिन कार्यकर्ताओं को जिला संगठन में जगह नहीं मिली है उन्हें निराश होने की जरूरत नहीं है। आगे संगठन में उन्हें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है। बदलाव संगठन का हिस्सा है। सभी के साथ मिलकर काम किया जायेगा और संगठन को मजबूत किया जायेगा। जिला कार्यकारिणी में भी दो पद रिक्त हैं जल्द ही उन्हें भी भरा जायेगा।

– अकबाल बहादुर तिवारी, जिलाध्यक्ष– भाजपा

# मुठभेड़ में अंतर्जनपदीय पशु चोर गिरोह का पर्दाफाश, 5 गिरफ्तार

## एक आरोपी के पैर में लगी गोली, तमंचा, पिकअप और नकदी की गयी बरामद

**कार्रवाई**

संवाददाता, गोंडा

**अमृत विचार :** जनपद में लगातार हो रही पशु चोरी की घटनाओं के बीच पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए केशवपुर पहाड़वा रेलवे क्रॉसिंग के पास मुठभेड़ में पांच अंतर्जनपदीय पशु चोरों को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की जवाबी फायरिंग में एक आरोपी घायल हुआ है जबकि पुलिस ने चोरी की भैंस, पड़वा, पिकअप वाहन, अवैध तमंचा और 17 हजार रुपये नकद बरामद किया है।



मुठभेड़ में पकड़े गए आरोपी के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

जनपद में लगातार सामने आ रही पशु चोरी की घटनाओं को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने घटनाओं के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए चार पुलिस टीमों का गठन किया गया था। पुलिस टीमें क्षेत्र में लगातार चेकिंग, संदिग्धों की निगरानी और खुफिया सूचना संकलन में जुटी थीं। रविवार को एसओजी और कोतवाली नगर की संयुक्त टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी।

इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि पशु चोर केशवपुर पहाड़वा रेलवे क्रॉसिंग की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर घेराबंदी कर पकड़ने का प्रयास किया। खुद को घिरता देख आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। आत्मरक्षा में पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें समीर उर्फ लल्लन घायल हो गया। इसके बाद पुलिस ने मौके से पांचों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान समीर उर्फ लल्लन, तुशाल उर्फ तुफैल, भूपेंद्र यादव उर्फ भूपत, मैनुद्दीन और नयाब के रूप में हुई है। इनमें तीन आरोपी गोण्डा और दो आरोपी बहराइच जनपद के निवासी बताए गए हैं।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे और निशानदेही पर एक अवैध तमंचा, एक जिंदा कारतूस, एक खोखा कारतूस, चोरी में प्रयुक्त एक पिकअप वाहन, 17 हजार रुपये नकद, चोरी की गई एक भैंस और एक पड़वा बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपियों ने जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में दर्ज पशु चोरी के कई मामलों का खुलासा किया है। इनमें कोतवाली नगर, करनैलगंज, कोतवाली देहात और वजीरगंज थाना क्षेत्रों के कई मुकदमे शामिल हैं। अपर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) मनोज रावत ने बताया कि घायल आरोपी समीर उर्फ लल्लन का पहले से भी लंबा आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ चोरी सहित कई मामले दर्ज हैं। वहीं तुशाल उर्फ तुफैल का नाम भी पूर्व में दर्ज पशु चोरी के मामले में सामने आ चुका है। इस कार्रवाई को अंजाम देने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक बिन्देश्वरी मणि त्रिपाठी, एसओजी प्रभारी गौरव सिंह तोमर, निरीक्षक सभाजीत सिंह, उपनिरीक्षक पिंटू यादव, उपनिरीक्षक दुर्गविजय सिंह सहित एसओजी और थाना कोतवाली नगर के कई पुलिसकर्मी शामिल रहे।

# मानदेय को लेकर आशा कार्यकत्रियों का फूटा गुस्सा



तहसील सभागार के सामने मौजूद आशा कार्यकत्रियां। ● अमृत विचार

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार:** सम्पूर्ण समाधान दिवस पर तहसील में आशा कार्यकत्रियों ने पहुंचकर मानदेय को लेकर आवाज बुलंद की। उन्होंने डीएम से मिलकर अपनी समस्या रखने की बात कही और नियमित मानदेय दिलाए जाने की मांग उठाई।

हालांकि डीएम के मौके पर न पहुंचने से आशा कार्यकत्रियां मायूस हो गईं। इसके बाद उन्होंने मुख्य विकास अधिकारी से मिलकर अपनी शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि इस दौरान सीडीओ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि कार्यकत्रियां काम नहीं करतीं और केवल मानदेय की शिकायत लेकर पहुंच जाती हैं। इस बयान से कार्यकत्रियों में आक्रोश फैल गया। ब्लॉक अध्यक्ष अंजू सिंह ने कहा कि आशा कार्यकत्रियां 24 घंटे कार्य करती हैं, इसके बावजूद उनके कार्य को नजरअंदाज किया जाता है। उन्होंने बताया कि कई-कई महीनों, यहां तक कि एक वर्ष तक मानदेय नहीं मिलता, फिर भी वे जिम्मेदारियां निभाती रहती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे जिलाधिकारी से लेकर मुख्यमंत्री तक शिकायत करेंगी। कार्यकत्रियों का कहना है कि अन्य विभागों में मानदेय तय है, लेकिन उनके लिए कोई निश्चित व्यवस्था नहीं है, जबकि उनसे 24 घंटे कार्य लिया जाता है। इसको लेकर उन्होंने जल्द समाधान की मांग की है।

# गैंगस्टर एक्ट में बड़ी कार्रवाई, 7 लाख से अधिक की संपत्ति जब्त

नवाबगंज, गोंडा

**अमृत विचार :** जनपद में अपराध और अपराधियों पर नकेल कसने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत प्रशासन और पुलिस ने संयुक्त रूप से सख्त कार्रवाई करते हुए रविवार को एक गैंगस्टर की संपत्ति कुर्क कर दी। गैंगस्टर एक्ट में निरुद्ध आरोपी अनन्त राम यादव पुत्र छोटे लाल की कुल 7 लाख 62 हजार 450 रुपये की संपत्ति जब्त की गई।

थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र के खुर्दाबाद जफरापुर निवासी अनन्त राम यादव संगठित गिरोह बनाकर मारपीट समेत कई गंभीर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता था और अवैध रूप से धन व संपत्ति अर्जित कर रहा था। मामले की रिपोर्ट प्रशासन के माध्यम से जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन को भेजी गई थी।

जिलाधिकारी के आदेश के अनुपालन में उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम के तहत राजस्व विभाग और पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी की विभिन्न गाटा संख्या में दर्ज भूमि को चिन्हित कर कुर्क कर लिया।

इस कार्रवाई के दौरान तहसीलदार तरबगंज जयशंकर सिंह, वजीरगंज थानाध्यक्ष विपुल कुमार पाण्डेय, नवाबगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह, राजस्व निरीक्षक परशुराम मिश्रा, लेखपाल सिद्धार्थ द्विवेदी और ओमप्रकाश वर्मा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# ईद मिलन समारोह आयोजित

**करनैलगंज, अमृत विचार :** नगर क्षेत्र के बस स्टॉप चौराहे पर स्थित एक निजी प्रतिष्ठान पर ईद मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्र के सम्मानित नागरिक, व्यापारी शामिल हुए।लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर ईद की मुबारकबाद दी। कार्यक्रम का माहौल अपनत्व से भरा रहा। कार्यक्रम के आयोजक रिफात अली खान और रहमान खान ने कहा कि यह आयोजन केवल ईद की खुशियां मनाने का माध्यम नहीं, बल्कि आपसी रिश्तों को मजबूत करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि सभी लोगों का सहयोग और विश्वास ही उनकी पूंजी है। समारोह में डॉ. फरीद, आमिर खान, फिरदौस खान, अताउल्लाह खान, नदीम, सिराज, गुलाम नासिर, गुलाम मुस्तफा, फैसल, आदित्य यादव, आरिफ खान, इरशाद रज़ा बहराइची, रितेश गुप्ता व अमान खान आदि थे।

# जीवन के लिए जल महत्वपूर्ण

**बेलसर, गोंडा, अमृत विचार :** विश्व जल पद यात्रा के उपलक्ष्य में राज नरायन राम गनेश इंटर कॉलेज आजाद नगर में छात्र- छात्राओं ने पद यात्रा निकाल कर आम जनमानस को जल को व्यर्थ नष्ट न करने की अपील की। यह भी बताया कि जल जीवन के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, दीपिका पांडे, ज्योति, रुचि गुप्ता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान निभाया।



हाथ में मटका लेकर जल संरक्षण के लिए जागरूक करती छात्राएं।



विश्व जल दिवस पर संकल्प लेतीं महिलाएं। ● अमृत विचार

### जल बचाने का लिया संकल्प

**मनकापुर, गोंडा, अमृत विचार :** रविवार को कृषि विज्ञान केंद्र परिसर में पीपुल्स एक्शन फॉर नेशनल इंटीग्रेशन के तत्वावधान में विश्व जल दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य लोगों को जल के महत्व से अवगत कराया। मुख्य अतिथि ब्रह्माकुमारी बीके उपमा ने स्वस्थ जीवनशैली पर जोर देते हुए नियमित योग, संतुलित आहार अपनाने और नशे से दूरी बनाए रखने की सलाह दी। प्रगतिशील किसान प्रवीण सिंह, कृषि वैज्ञानिक डॉ. दिनेश कुमार पांडेय एवं ग्राम प्रधान अनुराग सिंह ने जल की उपयोगिता और इसके संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

**मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद** | देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर आयुक्त ने सुनीं महिलाओं की समस्याएं

# शिकायतों का करें त्वरित व समयबद्ध निस्तारण

**गोंडा, अमृत विचार :** देवीपाटन मंडल मुख्यालय पर सोमवार को आयुक्त शशि भूषण लाल सुशील की अध्यक्षता में मां पाटेश्वरी शक्ति संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें विभिन्न क्षेत्रों से आई सात महिलाओं ने अपनी समस्याएं आयुक्त के समक्ष रखीं।

आयुक्त ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित व निष्पक्ष निस्तारण के निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान रास्ता अवरुद्ध होने, पेंशन न मिलने, संदिग्ध मृत्यु तथा भूमि विवाद जैसे मामले सामने आए। तरबगंज के ग्राम पिपरहवा निवासी लक्ष्मी ने रास्ता बंद किए जाने और जानमाल की धमकी की शिकायत की। वहीं रूपईडीह के भुड़कुड़ा गांव की राम पियारी ने पति की मृत्यु के दो वर्ष बाद भी अनुकंपा पेंशन न मिलने की समस्या रखी। कटरा बाजार क्षेत्र के बरूहा जयराम जोत की निरमा सिंह ने अपने पुत्र की संदिग्ध हालात में हुई मृत्यु की निष्पक्ष जांच की मांग की, जबकि तरबगंज तहसील के सेझिया गांव के संजू केवट ने भूमि फर्जीवाड़े और धमकी दिए जाने का मामला उठाया। आयुक्त ने सभी मामलों में संबंधित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए एक सप्ताह के भीतर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। कार्यक्रम में अपर आयुक्त मीनू राणा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे और समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया।



महिलाओं की समस्या सुनते आयुक्त। ● अमृत विचार



समाधान दिवस पर जन सुनवाई करतीं सीडीओ अंकिता जैन। ● अमृत विचार

### सम्पूर्ण समाधान दिवस में सीडीओ ने सुनीं शिकायतें

**तरबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** स्थानीय तहसील परिसर में शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता सीडीओ अंकिता जैन ने की। कुल 95 शिकायतें दर्ज की गई। हालांकि दर्ज की गई 95 शिकायतों में से किसी का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। कार्यक्रम में जिलाधिकारी के आने की सूचना के चलते बड़ी संख्या में फरियादी पहुंचे थे, लेकिन डीएम के न पहुंचने से लोग मायूस नजर आए। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक, उपजिलाधिकारी विश्वमित्र सिंह, तहसीलदार आशुतोष पांडेय, क्षेत्राधिकारी उमेश्वर प्रभात सिंह, बीडीओ रवि कुमार गुप्ता सहित जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं संबंधित थानों के प्रभारी मौजूद रहे।

# एनएसएस का विशेष शिविर शुरू

**गोंडा, अमृत विचार :** श्री लाल बहादुर शास्त्री महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारंभ उच्च प्राथमिक विद्यालय परेड सरकार में किया गया। शिविर 29 मार्च तक आयोजित होगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि एडीएम आलोक कुमार तथा विशिष्ट अतिथि प्रधान अनंत प्रकाश शुक्ला 'बब्बू' एवं महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य प्रो. जितेन्द्र सिंह ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार सिंह, डॉ. चमन कौर, डॉ. परवेज आलम और डॉ. दिलीप शुक्ल ने मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों सम्मानित किया। कार्यक्रम के अंत में प्रभारी प्राचार्य प्रोफेसर जितेन्द्र सिंह ने अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. परवेज आलम द्वारा किया गया।

## राम नाम सुख और आनंद एवं मर्यादा का प्रतीक

**खरगूपुर, गोंडा, अमृत विचार :** भटपी के बाबा पुरवा में आयोजित शतचंडी महायज्ञ व श्री राम कथा में प्रवाचक देवी ऋषिता ने भक्तों को रविवार शाम नामकरण संस्कार, अहिल्या उद्धार व जनकपुर आगमन के कथा का रसपान कराया। उन्होंने कहा कि कुलगुरु महर्षि वशिष्ठ ने राजा दशरथ के चारों पुत्रों का नामकरण संस्कार किया। उन्होंने ज्येष्ठ पुत्र का नाम 'राम' रखा, जो सुख और आनंद के प्रतीक हैं। अन्य भाइयों के नाम भरत, लक्ष्मण और शत्रुघ्न रखे गए। महर्षि विश्वामित्र के साथ वन में आश्रम की ओर जाते समय राम ने एक निर्जीव पत्थर जैसी शिला देखी। विश्वामित्र ने बताया कि यह ऋषि गौतम की पत्नी अहिल्या हैं, जो इंद्र के कपट और गौतम के श्राप के कारण पाषाण बन गई थीं। श्राप के अनुसार, राम के चरण स्पर्श से ही उनका उद्धार संभव था। जैसे ही राम ने चरण छुआए अहिल्या पुनः स्त्री रूप में आ गईं और अपने पति के पास लौट गईं। शतचंडी महायज्ञ के अध्यक्ष हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा के शारदानंद सरस्वती रहे।



राम के बाल स्वरूप को गोद में लिये देवी ऋषिता। ● अमृत विचार

## शक्ति नहीं, भक्ति है सच्चा सहारा : मनीष चंद्र

**नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार :** लौव्वाबीरपुर के डिहवा मजरे में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के तृतीय दिवस का शुभारंभ गणेश वंदना से किया गया। मुख्य यजमान सूर्यलाल तिवारी एवं शिव देवी ने व्यास पीठ का पूजन-अर्चन कथा का शुभारंभ कराया।अयोध्या के प्रसिद्ध कथा व्यास पं. मनीष चंद्र त्रिपाठी ने अपने प्रवचन में भगवान के वराह अवतार के साथ हिरण्याक्ष और हिरण्यकश्यप की कथा का वर्णन किया। उन्होंने बताया कि कश्यप ऋषि और दिति के पुत्र हिरण्याक्ष एवं हिरण्यकशिपु अत्यंत बलशाली थे। हिरण्याक्ष ने अपने बल के मद में आकर पृथ्वी को पाताल लोक में ले जाकर सृष्टि में हाहाकार मचा दिया। तब भगवान विष्णु ने वराह अवतार धारण कर समुद्र में युद्ध करते हुए हिरण्याक्ष का वध कर पृथ्वी का उद्धार किया। वहीं अपने भाई की मृत्यु से क्रोधित हिरण्यकश्यप ने भगवान से प्रतिशोध लेने के लिए कठोर तप किया और वरदान प्राप्त कर स्वयं को अजेय समझने लगा। उसने अपने राज्य में भगवान का नाम लेना भी वर्जित कर दिया, लेकिन उसका पुत्र प्रह्लाद भगवान विष्णु का परम भक्त था। हिरण्यकश्यप ने प्रह्लाद को यातनाएं दीं, परंतु उसकी अटूट भक्ति और विश्वास के सामने सभी प्रयास विफल हो गए। अंततः भगवान विष्णु ने नरसिंह अवतार लेकर खंभे से प्रकट होकर हिरण्यकशिपु का वध किया और अपने भक्त की रक्षा की।



कथा सुनाते पंडित मनीष चंद्र त्रिपाठी।

## शिव-पार्वती विवाह की कथा सुन भक्त भावविभोर



कथा के दौरान भगवान की आरती उतारते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

**धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार :** श्री बख्खार सम्मय माता मंदिर परिसर में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ के चतुर्थ दिवस पर भगवान भोलेनाथ का विवाह महोत्सव श्रद्धा, भक्ति से संपन्न हुआ। अवध धाम से पधारे कथा व्यास आचार्य लवकुश जी महाराज के सानिध्य में आयोजित इस प्रसंग ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय बना दिया। मंदिर परिसर में शिव-पार्वती विवाह की मनोहारी झांकी, वैदिक मंत्रोच्चार, भजन-कीर्तन और मंगल गीतों के बीच श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। आचार्य लवकुश जी महाराज ने कथा प्रवचन के दौरान शिव-पार्वती विवाह की महिमा का भावपूर्ण वर्णन किया।कथा के दौरान शिव-पार्वती विवाह के प्रसंगों को जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया जिससे श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। यज्ञाचार्य प्रदीप शास्त्री ने बताया कि श्री शतचण्डी महायज्ञ के अंतर्गत प्रतिदिन धार्मिक अनुष्ठान, हवन-पूजन, कथा प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इस दौरान अनिल शुक्ला, पवन शुक्ला, इंद्रकांत शुक्ल समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

## रेशम फार्म व कृषि विज्ञान केंद्र पहुंचे छात्र



रेशम फार्म के बारे में जानकारी प्राप्त करते बच्चे। ● अमृत विचार

**गोंडा, अमृत विचार :** पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय चौरी हलधरमऊ के 50 छात्रों का एक्सपोजर विजिट कार्यक्रम रेशम फार्म इकाई गोण्डा एवं कृषि विज्ञान केंद्र के शैक्षिक भ्रमण के साथ सम्पन्न हुआ। इस शैक्षिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को विज्ञान, कृषि, उद्योग और नवाचार के क्षेत्र में नई तकनीकों, अपशिष्ट प्रबंधन, गोवर्धन, ग्रे वॉटर प्रबंधन तथा सर्विस डिलीवरी की कार्यप्रणालियों से अवगत कराना रहा। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विभिन्न सफल मॉडलों को नजदीक से देखा और अनुभवजन्य ज्ञान प्राप्त किया। प्रधानाध्यापिका मधुलिका पांडे ने बताया कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमण से बच्चों में कृषि, बागवानी, पोषण और मौसम विज्ञान के प्रति रुचि जागृत होगी। इस अवसर पर देवकी नन्दन शुक्ल, मुकेश मिश्र, अरुण शुक्ल, अनीता सोनी, अवधेश शर्मा एवं प्रशांत शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## सगरागढ़ आरएनसी एजुकेशनल एकेडमी में एआई लैब का उद्घाटन




एआई लैब की जानकारी लेते ब्लाक प्रमुख नीरज पटेल। ● अमृत विचार

**गौरा चौकी, गोंडा, अमृत विचार :** बभनजोत ब्लॉक के सगरा गढ़ स्थित आरएनसी एजुकेशनल एकेडमी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस लैब का उद्घाटन ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि नीरज पटेल ने किया। नीरज पटेल ने कहा कि आज के डिजिटल युग में एआई तकनीक शिक्षा का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है। गांव के बच्चों को भी आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ना समय की जरूरत है। फाउंडर अनिल मौर्या ने बताया कि इस लैब के माध्यम से बच्चों को कंप्यूटर आधारित आधुनिक शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की प्रारंभिक जानकारी, डिजिटल कौशल और नई तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे छात्रों में नवाचार की सोच विकसित होगी और वे भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार हो सकेंगे। और हमारे टीम के द्वारा क्षेत्र के और भी विद्यालय में में भी लैब सेट किया जा रहा है। किस्मतुल्लाह सिद्दीकी ने बताया कि उनका उद्देश्य ग्रामीण बच्चों को शहरों जैसी आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराना है, ताकि वे भी देश के विकास में अपनी भागीदारी निभा सकें।

## 70 लाख की लागत से बदलेगा बुद्धा पार्क का स्वरूप



बुद्धा पार्क के सौंदर्यीकरण कार्य का शिलान्यास करते अध्यक्ष और अन्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार** : आदर्श नगर पालिका परिषद क्षेत्र स्थित बुद्धा पार्क के सौन्दर्यीकरण एवं विस्तार कार्य का सोमवार को विधिवत शिलान्यास किया गया। डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू' ने हवन-पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया। बौद्ध संतों की गरिमामयी उपस्थिति में धार्मिक अनुष्ठान सम्पन्न होने के बाद परियोजना की औपचारिक शुरुआत हुई। करीब 70 लाख रुपये की लागत से प्रस्तावित इस योजना के अंतर्गत नई बाउंड्री वॉल, विस्तृत ग्रीन एरिया, बैठने की आधुनिक व्यवस्था, बच्चों के लिए खेल उपकरण और बेहतर प्रकाश व्यवस्था विकसित की जाएगी। डीपी सिंह बैस ने बताया कि पुरानी बाउंड्री क्षतिग्रस्त होने से सुरक्षा प्रभावित हो रही थी, जिसे ध्यान में रखते हुए क्षेत्रफल को लगभग 1600 से बढ़ाकर 18 हजार वर्गफुट से अधिक किया जा रहा है। कार्यक्रम में अधिशासी अधिकारी लाल चंद्र मौर्य सहित अनेक जनप्रतिनिधि व नागरिक मौजूद रहे।

## लगातार 12वीं बार जिला मीडिया प्रभारी बने डीपी सिंह



डीपी सिंह बैंस।

**बलरामपुर, अमृत विचार** : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ एवं समर्पित कार्यकर्ता डीपी सिंह बैस को लगातार 12वीं बार जिला मीडिया प्रभारी बनाए जाने पर संगठन में हर्ष का माहौल है। वर्ष 1990 से पार्टी से जुड़े बैस ने अपने लंबे राजनीतिक जीवन में विभिन्न जिम्मेदार पदों पर रहते हुए संगठन को मजबूती प्रदान की है। छात्र राजनीति से अपने सफर की शुरुआत करने वाले बैस छात्रसंघ महामंत्री रहे और बाद में भाजयुमो नगर अध्यक्ष, जिला मंत्री, दो बार जिला महामंत्री, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य तथा जिला संयोजक जैसे महत्वपूर्ण दायित्व निभाए। वर्ष 1997 से लगातार मीडिया कार्य संभालते हुए उन्होंने पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। उनकी पुनर्नियुक्ति पर कार्यकर्ताओं ने खुशी जताते हुए इसे उनके समर्पण और निष्ठा का सम्मान बताया है।

## शहीद-ए-आजम का बलिदान दिवस मनाया गया



शहीदों को श्रद्धा सुमन अर्पित करते सदर विधायक पल्टूराम और अन्य।

**बलरामपुर, अमृत विचार** : आजाद पार्क में क्रांतिकारी विचारधारा मोर्चा के तत्वावधान में भगत सिंह, सुखदेव और राजगुरु का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत अमर शहीदों के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण व धूप प्रज्ज्वलित कर की गई। मुख्य अतिथि सदर विधायक पल्टूराम रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पालिका अध्यक्ष डॉ. धीरेन्द्र प्रताप सिंह 'धीरू', 50वीं वाहिनी के कमांडेंट मुकेश सिंह गुर्जर तथा एमएलके डिग्री कॉलेज के प्राचार्य जे.पी. पांडे उपस्थित रहे। मोर्चा अध्यक्ष डॉ. राकेश चंद्रा ने अपने संबोधन में कहा कि युवाओं को शहीदों के बलिदान से प्रेरणा लेकर राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए। मुख्य अतिथि ने वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों का जिक्र करते हुए राष्ट्र रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने का आह्वान किया। संचालन सतीश श्रीवास्तव ने किया।

## श्रीराम कथा के चौथे दिन उमड़ी आस्था की भीड़



कथावाचक से मुलाकात करते मुख्य अतिथि विधायक कैलाश नाथ शुक्ला व अन्य।

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार** : विकासखंड पचपेड़वा के ग्राम गुरचिहवा स्थित श्री आदिशक्ति समय माता मंदिर परिसर में आयोजित श्रीराम कथा के चतुर्थ दिवस पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मुख्य अतिथि के रूप में तुलसीपुर विधायक कैलाश नाथ शुक्ला उपस्थित रहे। उनके साथ पप्पू मिश्रा, रामसरन गुप्ता एवं सुनील यादव भी कार्यक्रम में शामिल हुए। अयोध्या धाम से पधारे कथावाचक आचार्य रविकांत शास्त्री महाराज ने भगवान श्रीराम के आदर्श जीवन, मर्यादा और धर्म के प्रति उनके समर्पण का भावपूर्ण वर्णन किया। आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक बना रहा।

## सम्मानित किये गये साहित्यकार डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय



सम्मान प्राप्त करते डा सूर्य प्रकाश पांडेय। ● अमृत विचार

**परसपुर, गोंडा, अमृत विचार** : परसपुर के ग्राम रमवापुर धनुही निवासी डॉ. सूर्य प्रकाश पाण्डेय को उनकी नई पुस्तक 'सन ऑफ स्पिरिचुअल फायर' के लिए सम्मानित किए जाने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। डॉ. पाण्डेय ने अपनी बहुमुखी प्रतिभा, आध्यात्मिक साधना और उल्लेखनीय उपलब्धियों के बल पर राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी गोण्डा का नाम रोशन किया है। साधारण परिवार से आने वाले डॉ. पांडेय के पिता शिव शंकर पांडे एक निजी विद्यालय में शिक्षक हैं। सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने अपने पुत्र को शिक्षा और संस्कारों की मजबूत नींव दी, जिसका परिणाम आज उनकी सफलता के रूप में सामने है। हाल ही में डॉ. पाण्डेय का नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड बुक में दर्ज हुआ है। उनकी प्रमुख उपलब्धियों में भारत सरकार की माय स्टाम्प योजना के तहत उनके सम्मान में डाक टिकट जारी होना, नासा के मून मिशन आर्टेमिस-2 के माध्यम से उनका नाम-परिचय चंद्रमा पर भेजा जाना तथा इंडस्ट्रीज क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए सिक्स सिग्मा ब्लैक बेल्ट प्रमाणपत्र प्राप्त करना शामिल है। इसके अलावा महाराष्ट्र के सातारा जनपद स्थित गोंदवले खुर्द की प्रसिद्ध तपोभूमि रक्षिता वन में उनके सम्मान में एक पौधा भी रोपित किया जा चुका है। डॉ. पाण्डेय की नई पुस्तक सन ऑफ स्पिरिचुअल फायर 22 फरवरी को प्रकाशित हो चुकी है।

# पीर रतन नाथ के स्वागत में उमड़ा आस्था का सैलाब

## नेपाल से आई पीर रतन नाथ शोभायात्रा का श्रद्धालुओं ने किया भव्य स्वागत, विभिन्न स्थानों पर की गयी पुष्प वर्षा

तुलसीपुर, बलरामपुर

**अमृत विचार** : शक्तिपीठ देवीपाटन धाम में सोमवार को आस्था और श्रद्धा का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब नेपाल के दांग चौखड़ा से सिद्ध पीर रत्ननाथ की भव्य शोभायात्रा सुबह करीब 10 बजे मंदिर परिसर पहुंची। परंपरा के अनुसार समय माता मंदिर पर देवीपाटन मंदिर के महंत मिथलेश नाथ योगी ने अपने सेवकों के साथ श्रद्धा और उत्साह से शोभायात्रा का स्वागत किया। इस दौरान 11 पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना संपन्न कराई। नेपाल से दिव्य पात्र के रूप में आए भगवान का विधिवत पूजन कर आध्यात्मिक परंपरा का निर्वहन किया गया।

शोभायात्रा के दौरान युवा भाला लेकर प्रहरी के रूप में चलते हुए शक्ति और योग के अद्भुत समन्वय का प्रदर्शन कर रहे थे। इस अवसर पर विधायक कैलाश नाथ शुक्ल, सदर विधायक पल्टूराम, ज्ञानी नाथ योगी, शिवेंद्र नाथ योगी, सर्वेश सिंह राणा, नगर पालिका चेयरमैन डॉ. धीरेंद्र सिंह धीरू सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। यात्रा में भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत भी झलक उठी। थारू जनजाति की महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य प्रस्तुत कर स्वागत किया, वहीं युवाओं ने तलवार और भाले के साथ शौर्य प्रदर्शन किया। नेपाल से आए युवक-युवतियों ने भी नृत्य से अपनी संस्कृति का प्रदर्शन किया। तुलसीपुर में प्रवेश पर विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा से स्वागत किया गया। महिलाओं ने बच्चों की कुशलता के लिए आटे-गुड़ का रोट चढ़ाकर पूजा की और पारंपरिक रीति-रिवाजों का पालन करते हुए अपनी आस्था व्यक्त की।



तुलसीपुर नगर में पीर रतन नाथ यात्रा के साथ उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़। ● अमृत विचार

# झारखंडी क्रॉसिंग रेलवे ओवरब्रिज निर्माण को कैबिनेट की मिली मंजूरी

संवाददाता, बलरामपुर



विधायक पल्टूराम।

**अमृत विचार** : जनपद के लिए एक बड़ी सौगात के रूप में बलरामपुर-श्रावस्ती-बहराइच राष्ट्रीय राजमार्ग-730 पर स्थित गोंडा-बलरामपुर रेलखंड के समपार संख्या-136 (स्पेशल/3ई) पर दो लेन रेल उपरिगामी सेतु (ओवरब्रिज) के निर्माण को प्रदेश कैबिनेट ने प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है।

इस महत्वपूर्ण परियोजना की कुल लागत 29221.35 लाख रुपये (लगभग 292.21 करोड़ रुपये) निर्धारित की गई है, जिसका पूरा व्यय राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा। प्रस्ताव को वित्त समिति से अनुमोदन मिलने के बाद मंत्री परिषद ने भी अपनी मंजूरी दे दी है।

यह मार्ग बलरामपुर नगर को गोंडा, बहराइच, श्रावस्ती, तुलसीपुर व देवीपाटन मंदिर सहित अन्य क्षेत्रों से जोड़ने वाला प्रमुख संपर्क मार्ग है।



झारखंडी रेलवे क्रॉसिंग पर लगा जाम। (फाइल फोटो)

**292.21**

करोड़ की लागत से बनेगा दो लेन का सेतु

वर्तमान में समपार फाटक लंबे समय तक बंद रहने के कारण यहां अक्सर भीषण जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है, जिससे आम नागरिकों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। सदर विधायक पल्टूराम ने बताया कि

ओवरब्रिज के निर्माण से शहर को जाम की समस्या से राहत मिलेगी, साथ ही ध्वनि एवं वायु प्रदूषण में भी कमी आएगी। मरीजों को अस्पताल पहुंचने, छात्रों को समय से विद्यालय जाने तथा व्यापारिक गतिविधियों के संचालन में भी सुविधा मिलेगी। यह परियोजना क्षेत्र के समग्र विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

## मेला क्षेत्र का डीएम व एसपी ने किया निरीक्षण

**बलरामपुर, अमृत विचार** : चैत्र नवरात्रि के अवसर पर जिलाधिकारी डॉ. विपिन कुमार जैन एवं पुलिस अधीक्षक विकास ने पाटेश्वरी देवीपाटन मंदिर व मेला क्षेत्र का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। हरैया चौराहे से मंदिर परिसर तक पैदल भ्रमण करते हुए उन्होंने साफ-सफाई, प्रकाश, बैरिकेडिंग, पेयजल, शौचालय व यातायात प्रबंधन की स्थिति देखी।

डीएम ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। उन्होंने नियमित सफाई, कूड़ा उठान, स्वच्छ पेयजल व शौचालयों की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही भीड़ प्रबंधन, पर्याप्त प्रकाश और आवश्यक स्थानों पर कर्मचारियों की तैनाती के निर्देश दिए।

एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा कर पुलिस बल को सक्रिय रहकर भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करने को कहा गया।

# 58 करोड़ की साइबर ठगी से जुड़े गिरोह का पर्दाफाश, 5 बंदी



गिरफ्तार साइबर ठगों के साथ पुलिस टीम। ● अमृत विचार

**बलरामपुर, अमृत विचार** : जनपद में साइबर अपराध के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक बड़े संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल फोन और कूटरचित दस्तावेज भी बरामद किए गए हैं।

गिरफ्तार आरोपियों में मो. अकरम खान (निवासी पुरैनिया तालाब), बच्चा लाल उर्फ प्रशांत उर्फ गोलू (नूरी मदरसा गदुरहवा), आशिफ (गदुरहवा), प्रतीक मिश्रा (भगवतीगंज) और सुजीत सिंह (बेनीनगर, थाना गौरा चौकी) शामिल हैं। पुलिस के अनुसार गिरोह लोगों को लालच देकर उनके बैंक खाते और सिम किराए पर लेता था तथा फर्जी पहचान के जरिए खातों का नेटवर्क बनाकर साइबर ठगी की रकम को ट्रांसफर कर उसका सेटलमेंट करता था।अब तक की जांच में 17 बैंक खातों का इस्तेमाल सामने आया है, जिनसे जुड़े देशभर में 14 शिकायतों में लगभग 58 करोड़ रुपये की ठगी का मामला दर्ज है।

# शैक्षिक भ्रमण में बच्चों को मिली विज्ञान की सीख

**गोंडा, अमृत विचार** : विकासखंड परसपुर स्थित कम्पोजिट विद्यालय के लगभग 50 छात्र-छात्राओं ने राजधानी लखनऊ का शैक्षिक भ्रमण किया। भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान, अंतरिक्ष, पर्यावरण और वन्यजीव संरक्षण से जुड़ी अनेक महत्वपूर्ण जानकारियां हासिल की, जिससे उनका ज्ञानवर्धन हुआ और सीखने की जिज्ञासा और बढ़ी।



शैक्षिक भ्रमण पर छात्र-छात्राएं। ● अमृत विचार

विद्यालय परिवार की ओर से आयोजित इस शैक्षिक भ्रमण में छात्र-छात्राओं ने लखनऊ स्थित नवाब वाजिद अली शाह प्राणि उद्यान, इंदिरा गांधी प्लैनेटेरियम व क्षेत्रीय विज्ञान केंद्र देखा। आंचलिक विज्ञान केंद्र में विद्यार्थियों ने वैज्ञानिक उपकरणों, प्रयोगों और मॉडल्स के माध्यम से विज्ञान के व्यावहारिक पक्ष को समझा। शिक्षकों ने बताया कि इस भ्रमण से बच्चों को ज्ञान के साथ अनुभव से सीखने का मौका मिला। भ्रमण दल के साथ प्रधानाध्यापक घनश्याम सिंह, सहा. अध्यापक इन्द्र प्रताप सिंह, गणेश प्रताप सिंह, राजकुमार, सरिता सिंह, उपेन्द्र कुमार सिंह तथा अनुचर रमेश मौजूद रहे।

## शहीदों के बलिदान को नमन, उनके सपनों का भारत बनाने का संकल्प : आप

**गोंडा, अमृत विचार** : शहीदी दिवस पर आम आदमी पार्टी ने देश के अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। पार्टी के जिला अध्यक्ष अजय कुमार मिश्र उर्फ अज्जू पंडित ने कहा कि शहीद-ए-आजम भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव का बलिदान देशवासियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत रहेगा। उन्होंने कहा कि शहीदों ने जिस भारत का सपना देखा था, उसे साकार करना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अवसर पर समाजवादी चिंतक राम मनोहर लोहिया को भी याद किया गया। अजय कुमार मिश्रा ने कहा कि आम आदमी पार्टी ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो शहीदों के सपनों और लोहिया के आदर्शों को धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। पार्टी लगातार आम जनता के हक और अधिकार की लड़ाई लड़ रही है और आगे भी लड़ती रहेगी। अंत में उन्होंने कार्यकर्ताओं और आम जनता से अपील की कि वे शहीदों के बलिदान और लोहिया के विचारों को आत्मसात करते हुए एक बेहतर भारत के निर्माण का संकल्प लें।

## 30 मार्च से किसानों से गेहूं की होगी खरीद

**गोंडा, अमृत विचार** : जनपद में रबी विपणन वर्ष 2026-27 के तहत गेहूं खरीद किसानों से 2550 प्रति क्विंटल की भाव से खरीदा जाएगा। खरीद को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर हैं। बताया जा रहा है कि 30 मार्च से जिले में खरीद शुरू होगी जो 15 जून तक चलेगी। जिले में गेहूं क्रय केंद्रों के संचालन के लिए कुल छह एजेंसियों से 100 केंद्र अनुमोदित हुए हैं। मूल्य समर्थन योजना के तहत इस बार मूल्य भी बढ़ाया गया है। मंडी समिति के 12, प्रादेशिक सहकारी संघ पीसीएफ के 19, प्रादेशिक उपभोक्ता सहकारी संघ पीसीयू के 42, उत्तर प्रदेश राज्य सहकारी संघ यूपीएसएस के 22, भारतीय खाद्य निगम एफसीआई के 3 तथा अन्य के 2 क्रय केंद्र शामिल हैं। गेहूं खरीद से जुड़े अधिकारी लगातार प्रस्तावित केंद्रो पर जाकर आवागमन की सुविधा का जायजा ले रहे हैं। शासन की ओर से स्पष्ट किया गया है कि केंद्र ऐसी जगह ही स्थापित किया जाए जहां पर किसानों के वाहन आराम से पहुंच सकें। गेहूं खरीद को पारदर्शी एवं सुचारू ढंग से संचालित करने के लिए अपर जिलाधिकारी को नोडल अधिकारी नामित किया है। नोडल अधिकारी सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर क्रय केंद्रों पर तौल, बारदाना, भंडारण एवं भुगतान की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

**चैत्र नवरात्र** | सुबह से देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए लग गयी थी भक्तों की कतार

# मां स्कंदमाता की आराधना में डूबे भक्त

**बलरामपुर अमृत विचार** : चैत्र नवरात्र के पांचवें दिन सोमवार को मां दुर्गा के पंचम स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना पूरे जिले में श्रद्धा और उल्लास के साथ की गई। सुबह से ही मंदिरों में भक्तों की लंबी कतारें देखने को मिलीं।

मंदिरों में सुबह से ही विशेष पूजन और दुर्गा सप्तशती के पाठ का आयोजन किया गया। कई स्थानों पर भजन-कीर्तन और जागरण के कार्यक्रम भी आयोजित हुए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं ने फल, फूल, नारियल और प्रसाद अर्पित कर मां का आशीर्वाद लिया। पुजारियों के अनुसार नवरात्र के पांचवें दिन की पूजा विशेष फलदायी मानी जाती है। इस दिन सच्चे मन से मां स्कंदमाता की आराधना करने वाले भक्तों की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

नवरात्र के चलते बाजारों में भी रौनक देखने को मिल रही है।



बिजलीपुर मंदिर में पूजा करते श्रद्धालु।



नवरात्र पर साधना करते गायत्री परिवार के लोग।

## नवरात्र पर आध्यात्मिक वातावरण चरम पर

**पचपेड़वा, बलरामपुर, अमृत विचार** : चैत्र नवरात्र पर क्षेत्र में आध्यात्मिक वातावरण चरम पर है। गायत्री परिवार पचपेड़वा व गैंसडी के संयुक्त तत्वावधान में 27 मार्च को गायत्री शक्तिपीठ में नौ दिवसीय साधना की पूर्णाहुति पांच कुंडीय गायत्री महायज्ञ और भंडारे के साथ होगी। नवरात्रि साधना के दौरान श्रद्धालु प्रतिदिन 30 माला जप, उपवास, ब्रह्मचर्य व्रत और 24 हजार मंत्रों की साधना कर रहे हैं।


**कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रायबरेली**

पत्रांक/के0जी0बी0वी0/9105–09/2025–26 दिनांक : 23.03.2026

**विज्ञप्ति**

शासनादेश संख्या–1553/68–5/2020 दिनाँक 11 दिसम्बर 2020 एवं निदेशक राज्य परियोजना कार्यालय के पत्रांक– के0जी0बी0वी0/शिक्षक/1837/2024–25 दिनाँक 30.05.2024 द्वारा दिए गए निर्देशों के कम में जनपद रायबरेली के कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों (कक्षा 6 से 8) में अस्थाई रूप से सृजित संविदा आधारित शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मियों की नियुक्ति हेतु इच्छुक, अर्ह, योग्य महिला अभ्यर्थियों से पंजीकृत डाक द्वारा कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली में निर्धारित प्रारूप पर निर्धारित शर्तो के अधीन आवदेन पत्र आंमत्रित किये गये थे। आवदेन पत्र स्वीकार करने की अन्तिम तिथि 22.12.2025 की सायं 05:00 बजे तक थी। प्राप्त आवेदन पत्रों से पात्र अभ्यर्थियों (पूर्णकालिक व अंशकालिक शिक्षिका एवं लेखाकार) की काउंसलिंग दिनांक 23.01.2026 व साक्षात्कार हेतु पात्र अभ्यर्थियों (सहायक रसोइया, चौकीदार व चपरासी) को 28.01.2026 को साक्षात्कार पूर्ण किया गया। शासनादेश देश में निहित प्राविधानों के अनुसार काउंसलिंग एवं साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थियों से विकल्प लिए जाने के निर्देश है। तत्क्रम में काउंसलिंग एवं साक्षात्कार में चयनित अभ्यर्थी कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, रायबरेली में दिनाँक 25.03.2026 को प्रातः 11:00 बजे विकल्प हेतु अपने समस्त मूल अभिलेखों सहित उपस्थित होंगे।

विकल्प हेतु चयनित अभ्यर्थियों की सूची जनपद रायबरेली के एन0आई0सी0 की वेबसाइड– http://raebareli.nic.in व कार्यालय के सूचना तट पर उपलब्ध है।

**जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी**
**रायबरेली**

**मनीराम वर्मा एजूकेशनल इंस्टीट्यूट**
**मड़ना उपरहार, अयोध्या**

**में स्ववित्त पोषित योजनांतर्गत आवश्यकता है-**

प्राचार्यः 01 पद। स्नातक स्तर पर कला संकाय (बी.ए.) पाठ्यक्रम हेतु हिन्दी, अंग्रेजी, भूगोल, शिक्षाशास्त्र, समाजशास्त्र, गृह विज्ञान एवं चित्रकला विषयों में 01–01 पद प्रवक्ताओं की।
योग्यता एवं वेतामान यू.जी.सी. एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 10 दिवसों के अन्दर अपने शैक्षिक अभिलेखों की छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर सम्पर्क स्थापित करें।

भवदीय- प्रबंधक
**धर्मवीर वर्मा**
मो :– 9919003436

**नवयुग स्नातकोत्तर महाविद्यालय**
**रतनपुर बारी सहिजन, सुलतानपुर (उ0प्र0)**

**मे स्ववित्तपोषित योजनातंर्गत आवश्कता है**

स्नातक स्तर पर बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता– **06 पद**
स्नातक स्तर पर बी0सी0ए0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता – **06 पद**
स्नातक स्तर पर बी0लिब0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता – **06 पद**
एवं परास्नातक एम0कॉम0 पाठ्यक्रम हेतु प्रवक्ता – **06 पद**
**योग्यता व वेतनमान** – एआईसीटीई, यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार। इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।

भवदीय– **प्रबंधक**
मो0– 9919332588

**श्रीमती धनपता मौर्या स्मारक (एस0डी0एम0एस0) महाविद्यालय**
**रसूलपुर लिलहा, अयोध्या (उ0प्र0)**

**सम्बद्धः डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत आवश्यकता है-**

परास्नातक स्तर पर विज्ञान संकाय (एम0एस–सी0) पाठ्यक्रम हेतु गणित, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, एवं भौतिक विज्ञान तथा परास्नातक स्तर पर कला संकाय (एम0ए0) पाठ्यक्रम हेतु शिक्षाशास्त्र पाठ्यक्रम हेतु प्रत्येक विषय में 03–03 पद प्रवक्ताओ की।
**योग्यता व वेतनमान** - यूजीसी एवं राज्य विश्वविद्यालय के मानकानुसार।
इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथी से 10 दिनो के भीतर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखो की स्वप्रमाणित छायाप्रति के साथ महाविद्यालय के पते पर संपर्क करे।

भवदीय
**प्रबंधक**

# 5 दिन से लापता ग्रामीण का बाग में मिला शव

## नानपारा कोतवाली इलाके के रहने वाला ग्रामीण बाजार के लिए निकला था, शव मिलने से मचा हड़कंप

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** जिले के नानपारा कोतवाली इलाके के रहने वाला एक ग्रामीण पांच दिन पहले घर से बाजार के लिए निकला था , लेकिन वो वापस नहीं लौटा सोमवार को मटेरा थाना क्षेत्र में स्थित एक बाग में उसका शव मिलने से हड़कंप मच गया , सूचना पर पहुंची पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच में जुटी हुई है ।

नानपारा थाना क्षेत्र में स्थित बैसवारा ग्राम के रहने वाला ग्रामीण विशंभर उर्फ राधे घर से निकलने के बाद वापस नहीं लौटे थे । परिवार के लोग उनकी तलाश कर रहे थे । लेकिन उनका कोई पता नहीं चल सका जिसके बाद नानपारा कोतवाली इलाके में उनकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। सोमवार को मटेरा थाना क्षेत्र में पहलादी ग्राम में माता मंदिर के पास स्थित आम के बाग में ग्रामीणों में एक व्यक्ति का शव देख स्थानीय थाने को सूचना दी ।

जानकारी पर मटेरा थाना प्रभारी हरिकेश सिंह पुलिस बल व फॉरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचें मृतक की पहचान नानपारा कोतवाली इलाके के रहने वाले विशंभर के रूप में हुई । पुलिस ने परिजनों को सूचना देने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है ।

वहीं थाना प्रभारी ने बताया कि नानपारा कोतवाली इलाके के रहने वाले ग्रामीण का शव मिला है । पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच की जा रही है ।


मौके पर जांच करती पुलिस व फॉरेंसिक टीम। अमृत विचार

**फंदे से लटका मिला महिला का शव, दहेज हत्या का आरोप, सिरसिया (श्रावस्ती):** कुथनी निवासी एक महिला की रविवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव उसी के कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची सिरसिया पुलिस ने शव का पंचनामा भरा लकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिनगा भेज दिया है। मायके वालों ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है। सिरसिया थाना क्षेत्र के ग्राम मधवापुर के मजरा कुथनी निवासी सीमा (26) पत्नी तुलसीराम का शव रविवार देर शाम उसी के कमरे में छत के कुंडे के सहारे फंदे से लटका मिला। घटना के दौरान घर में उसकी सास व अजिया सास ही मौजूद थी। जबकि पति तुलसीराम मजदूरी के लिए गैर प्रांत गया हुआ है। घटना की सूचना पर पहुंचे मायके पक्ष के लोगों ने पुलिस को सूचित किया। सूचना पर नायब तहसीलदार शुभम तिवारी, सिरसिया थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय पुलिस व फारेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचे और उच्चाधिकारियों को भी सूचित किया। इसके बाद सीओ अपराध आलोक सिंह भी घटनास्थल पर पहुंचे और मौके का जायजा लिया। फारेंसिक टीम से घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए। वहीं पुलिस ने पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पिता पवन कुमार ने ससुरालियों पर दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। आरोप है कि ससुराल के लोग अतिरिक्त दहेज की मांग कर रहे थे। थानाध्यक्ष शैलकांत उपाध्याय ने बताया कि मृतका के पिता के ओर से तीन को नामजद करते हुए तहरीर दी गई है। मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### पेड़ से लटका मिला युवक का शव, सनसनी

मिहीपुरवा (बहराइच)। जिले के मोतीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर पंचायत मिहीपुरवा के वार्ड नंबर 15 में सोमवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब एक युवक का शव पेड़ की डाल से लटका हुआ देखा गया। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, सुबह लोगों ने पेड़ पर युवक का शव लटका देखा तो क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर आसपास के लोग बड़ी संख्या में मौके पर पहुंच गए। काफी देर बाद मृतक की पहचान राम लखन पुत्र हल्लाईंत, निवासी वार्ड नंबर 15, नगर पंचायत मिहीपुरवा के रूप में हुई। घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं हो रही हैं। हालांकि, युवक द्वारा आत्महत्या किए जाने के कारणों का अभी तक कोई स्पष्ट पता नहीं चल सका है। मामले की जांच और आगे की कार्रवाई रेलवे विभाग द्वारा किए जाने की संभावना जताई जा रही है। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पूरे इलाके में शोक की लहर दौड़ गई है।

# मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की तैयारियों का आईजी ने लिया जायजा


आगमन स्थल का दौरा करते आईजी अमित पाठक व एसपी रामनयन सिंह।

संवाददाता, बहराइच

- मोतीपुर तहसील में स्थित सेमरहना ग्राम में 25 मार्च को कार्यक्रम है प्रस्तावित

**अमृत विचार।** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बुधवार को जनपद के मोतीपुर तहसील में कार्यकम प्रस्तावित है। इसको लेकर जिला प्रशासन तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटा हुआ है। सोमवार को देवीपाटन मंडल के आईजी ने जिले के अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल की जा रही तैयारियों का जायजा लिया।

मोतीपुर तहसील में स्थित सेमरहना ग्राम में 25 मार्च को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का कार्यक्रम प्रस्तावित है। सीएम भरतापुर ग्राम से विस्थापित ग्रामीणों को यहां पर जमीन आवंटित करेंगे। कार्यक्रम को लेकर की जा रही तैयारियों का सोमवार को आईजी अमित पाठक ने पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण दुर्गा प्रसाद तिवारी के निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आईजी अमित पाठक ने सुरक्षा व्यवस्था की समग्र समीक्षा करते हुए यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण, पार्किंग व्यवस्था, वीआईपी मूवमेंट, बैरिकेडिंग, प्रवेश एवं निकास मार्गों सहित समस्त बिंदुओं का गहन परीक्षण किया।

## न्यूज ब्रीफ

### आज आएंगे रेशम मंत्री राकेश सचान

**बहराइच :** प्रदेश के मंत्री, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग, उप्र शासन राकेश सचान का 24 मार्च को जनपद आगमन का कार्यक्रम प्रस्तावित है। मंत्री श्री सचान 24 मार्च को पूर्वान्ह 10 :00 बजे लोनिवि निरीक्षण भवन बहराइच पहुंचकर जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ भेंट वार्ता करेंगे तथा पूर्वान्ह 10 :20 बजे भिनगा रोड कल्पीपारा स्थित सहायक निदेशक रेशम कार्यालय परिसर में आयोजित राज्य स्तरीय रेशम कृषि मेला/कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। यह जानकारी देते हुए सहायक निदेशक रेशम एमके सिंह ने बताया कि मंत्री पूर्वान्ह 11 :00 बजे गोरखपुर के लिए प्रस्थान कर जायेंगे।

### मामूली बात पर महिला की पिटाई

**इकौना (श्रावस्ती) :** खरगौरा गणेश निवासी रमजाना बेगम (44) पत्नी अतवारी रविवार शाम घर से बकरी चराने निकली थीं। इसी दौरान रास्ते में अज्ञात हमलावरों ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह लहूलुहान होकर गिर पड़ी। घटना की जानकारी पर आसपास के लोगों के सहयोग से परिजनो ने निजी वाहन से उसे सीएचसी इकौना पहुंचाया। वहां से चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल भिनगा रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंचे नवीन मॉडर्न थाना कटरा के थानाध्यक्ष लाल साहब ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### आग से घर जला

**श्रावस्ती :** भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रामगढ़ी के मजरा कानीजोतिया निवासी किशोरी यादव के घर में सोमवार को आग लग गई। परिवार के लोग जब तक कुछ समझ पाते तब तक आग ने पूरे घर को अपनी जद में ले लिया। ग्रामीणों ने कड़ी मेहनत से आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक पूरी गृहस्थी का सामान जलकर राख हो गया। अग्निकांड में एक बाइक भी जल गई।

### ई-रिक्शा से गिरकर महिला घायल

**श्रावस्ती :** कोतवाली क्षेत्र भिनगा के खरगौरा गांव निवासी नीतू पाठक (34) सोमवार को ई-रिक्शा पर बैठकर किसी काम से भिनगा आ रही थी। इस दौरान भिनगा-बहराइच मार्ग पर भिनगा स्थित खैरी मोड़ के पास अचानक नीतू का असंतुलित होकर चलते ई-रिक्शा से नीचे सड़क पर गिर गई। इससे वह गंभीररूप से घायल हो गई। आस पास के लोगों ने घायल नीतू को निजी वाहन की मदद से जिला अस्पताल भिनगा में भर्ती कराया।

### नीलगाय से टकराकर बाइक सवार घायल

**इकौना (श्रावस्ती) :** नवीन मॉडर्न थाना कटरा क्षेत्र के मलौना खसियारी गांव निवासी देशराज मिश्रा (45) पुत्र राधेश्याम मिश्रा सोमवार को जरूरी काम से अपनी बुलेट बाइक से मझौवा रोड से होते हुए इकौना बाजार आ रहे थे। डायट के पास पहुंचते ही अचानक सामने नीलगाय आ गई और देशराज उससे टकरा गया। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे एम्बुलेंस से सीएचसी इकौना में भर्ती कराया गया।

### राज कुमार को मिली श्रावस्ती थाने की जिम्मेदारी

**श्रावस्ती :** कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एसपी की ओर से पुलिस महकमे में फेर बदल किया गया है। इसमें नवीन माडर्न थाने में तैनात थाना प्रभारी निरीक्षक लाल साहब को स्थानांतरित कर थाना एएचटी का प्रभारी निरीक्षक बनाया गया है। वहीं एएचटी थाना प्रभारी निरीक्षक रहे राज कुमार सरोज को नवीन माडर्न थाना श्रावस्की की जिम्मेदारी दी गई है।

# पुलिस ने 10 वारंटियों को गिरफ्तार किया

संवाददाता, श्रावस्ती

**अमृत विचार।** विशेष अभियान चलाकर पुलिस ने रविवार रात 10 वारंटियों को गिरफ्तार किया। जिसमें थाना हरदत्त नगर गिरंट पुलिस ने तीन, इकौना थाना पुलिस ने तीन, सिरसिया थाना पुलिस ने दो, कोतवाली भिनगा पुलिस व मल्हीपुर थाना पुलिस ने एक-एक वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार वारंटियों मारपीट, चोरी, आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, वन अधिनियम आदि अपराधों के वारंटी रहे। गिरफ्तार सभी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

**किशोरी को भगा ले जाने वाला युवक गिरफ्तार, माल्ही चौराहा (श्रावस्ती):** सोनवा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी दलित किशोरी का बहका फुसलाकर अपहरण कर लिया गया। बाद में उसे जानमाल की धमकी देकर छोड़ दिया गया। मामले में किशोरी की मां की तहरीर पर सोनवा पुलिस बहराइच के रिसिया थाना क्षेत्र के ग्राम बाहुबुलिया निवासी फिरोज पुत्र मुंशरीफ के विरुद्ध केस दर्ज कर तलाश रही थी। सोमवार को मुखबिर की सूचना पर थानाध्यक्ष सोनवा विसुनदेव पाण्डेय ने फिरोज को तुलसीपुर के गौरीडिहवा मोड़ के पास से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# नहर की पटरी पर पड़ी मिलीं सरकारी दवाएं

कानीबोझी,(श्रावस्ती)

- स्वास्थ्य महकमे की लापरवाही आई सामने

**अमृत विचार।** लोगों को निःशुल्क मिलने वाली सरकारी अस्पताल की दवाएं नहर की पटरी पर पड़ी पाई गई। जिन दवाओं से लोगों को स्वस्थ होना था उन्हें कूड़े की तरह नहर की पटरी पर फेंक दिया गया। इससे स्वास्थ्य महकमे की कार्यशैली पर प्रश्नचिह्न लगा दिया है।

जमुनहा विकास क्षेत्र के कानीबोझी से राप्ती बैराज जाने वाली राप्ती योजक नहर के उत्तर पटरी पर टिकुइया गांव के सोमवार को काफी मात्रा में सरकारी अस्पताल की दवाएं पड़ी मिली हैं। जिसमें परमैथरिन क्रीम ट्यूब व पैरासिटामोल सिरप की बंद शीशी मिली है। हालांकि इन दवाओं की वैधता जनवरी माह में खत्म हो चुकी है। बिखरी पड़ी दवाएं किसी ने डिब्बे में भरकर फेंका था। दवाओं के साथ पैकिंग करने वाली कंपनी के प्रतिनिधि के हस्ताक्षर युक्त पर्ची भी पड़ी मिली है। यह दवाएं कहां से आईं, इसका जवाब किसी स्वास्थ्यकर्मी के पास नहीं है। सरकार लोगों को अस्पताल में निशुल्क जांच के साथ ही निःशुल्क दवाएं मुहैया कराने में पानी की तरह पैस खर्च कर रही है। वहीं दूसरी तरह नहर की पटरी पर मिली सरकारी दवाओं ने स्वास्थ्य विभाग की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं।


टीकुइया गांव के निकट नहर किनारे फेंकी गई जीवन रक्षक दवाएं।

उधर इस मामले पर मल्हीपुर सीएचसी अधीक्षक रविन्द्र कुमार सोनकर ने बताया कि उन्हें इस संबंध में जानकारी नहीं थी। अब इस बारे में सूचना मिली है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### आत्महत्या के लिए मजबूर करने के दोषी को उम्रकैद, 11 हजार रुपये के अर्थदंड भी लगा

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** मारपीट व विवाद से परेशान होकर 10 वर्ष पूर्व एक महिला ने आत्महत्या कर लिया। मामले में सोमवार को न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाया। साथ ही उसे अर्थदंड से भी दंडित किया है। इकौना थाना क्षेत्र के ग्राम महरौली निवासी मुंशीलाल पुत्र रामभरोसे ने वर्ष 2016 में जमीन के विवाद में एक महिला से मारपीट की थी। इसके बाद से वह विवाद कर प्रताड़ित कर रहा था। इससे परेशान होकर महिला ने आत्महत्या कर लिया। मृतका के परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने मुंशीलाल के विरुद्ध मारपीट, विवाद से प्रताड़ित कर आत्महत्या को उकसाने के आरोप में केस दर्ज किया। बाद में विवेचना कर उसके विरुद्ध न्यायालय में आरोप पत्र भेजा था। सोमवार को न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। साथ ही 11 हजार रुपये के अर्थदंड से दडित किया।

### एचपीवी वैक्सीन लगवाने के लिए किया जागरूक

**पयागपुर बहराइच (अमृत विचार)।** किशोरियों को सर्वाइकल कैंसर के बचाव के लिए विधायक पयागपुर सुभाष त्रिपाठी ने सीएचसी पयागपुर पर फीता काटकर 14 वां जन्मदिन पूर्ण करने वाली बालिकाओं को वैक्सीन लगाकर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। उन्होंने लोगों को एचपीवी वैक्सीन के लिए जागरूक करते हुए बताया कि पयागपुर क्षेत्र में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिये एचपीवी वैक्सीन की उपलब्धता पर्याप्त मात्रा में है। विधायक श्री त्रिपाठी ने क्षेत्र वासियों से अपील है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पयागपुर में प्रात: 09 बजे से 02 बजे तक प्रतिदिन अपने परिवार की 14 वर्ष आयु की बालिकाएं (जिनका 14वां जन्मदिन पूरा हो चुका है तथा 15वां जन्मदिन अभी पूरा नहीं हुआ हैं) ऐसी बालिकाओं को प्रतिरक्षित अवश्य करायें ।शुभारम्भ के दौरान अधीक्षक डॉ धीरेन्द्र तिवारी डॉ प्रमोद तिवारी डॉ पल्लवी सिंह डॉ शरद भारती बीपीएम अनुपम शुक्ल पवन कुमार हिमांशु मिश्रा, अजीत शुक्ल नामित सभासद संचित शुक्ला पवन शर्मा इत्यादि शुभारम्भ स्थल पर उपस्थित रहे ।लाभार्थियों को युविन से निर्गत डिजिटल प्रमाण पत्र जारी किया गया। टीकाकरण सत्र पर तैनात एएनएम खुशबू तिवारी एवं स्टाफनर्स आशा देवी ने सहयोग दिया गया।


एचपीवी वैक्सीन के लिए जागरूक करते विधायक सुभाष त्रिपाठी व अन्य लोग। अमृत विचार

### जरवल पुलिस को सौंपी गई चर्चित जगदेव यादव हत्याकांड की जांच

**पयागपुर (बहराइच), अमृत विचार।** पयागपुर क्षेत्र के बहुचर्चित जगदेव यादव हत्याकांड की जांच में जिला पुलिस प्रशासन ने बड़ा फेरबदल किया है। करीब दो माह से चल रही पयागपुर पुलिस की विवेचना को रोककर अब इस पूरे मामले की फाइल जरवल पुलिस के सुपुर्द कर दी गई है। इस फैसले के बाद से न केवल पुलिस महकमे में खलबली मच गई है, बल्कि इलाके के अपराधियों में भी हड़कंप का माहौल है। सूत्रों के अनुसार, पयागपुर पुलिस की अब तक की सुस्त कार्रवाई और जांच की दिशा को लेकर उच्चाधिकारियों के पास शिकायतें पहुंच रही थीं। पीड़ित पक्ष की ओर से निष्पक्ष जांच की मांग और स्थानीय दबाव की आशंकाओं को देखते हुए पुलिस कप्तान ने मामले को दूसरे थाने में ट्रांसफर करने का निर्णय लिया। चर्चा है कि पयागपुर पुलिस इस हाई-प्रोफाइल मामले के मुख्य किरदारों तक पहुंचने में नाकाम साबित हो रही थी। इसीलिए उस समय के मौजूदा थानाध्यक्ष को लाइन हाजिर भी किया गया था। जांच का केंद्र बदलते ही पयागपुर और आसपास के गांवों में चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया है। ग्रामीणों का मानना है कि इस हत्याकांड के पीछे कुछ ऐसे राज छिपे हैं, जिन पर से पर्दा उठना अभी बाकी है मृतक जगदेव यादव के सभासद पुत्र विष्णु यादव का कहना है कि लगता है अब शायद मेरे पिता के कातिलों को सजा मिल पाए तो वही दूसरी तरफ जगदेव यादव हत्याकांड अब जरवल पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं है। पयागपुर पुलिस द्वारा जुटाए गए पुराने बयानों और साक्ष्यों का दोबारा परीक्षण किया जाएगा। देखना दिलचस्प होगा कि जरवल पुलिस इस गुत्थी को सुलझाने में कितनी सफल रहती है और क्या असली हत्यारे कानून के शिकंजे में आएंगे।

### पुलिस ने एसएसबी समेत की सीमा पर गश्त

**सिरसिया (श्रावस्ती)।** इंडो-नेपाल सीमा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रविवार शाम सिरसिया थाना प्रभारी शैलकांत उपाध्याय ने पुलिस व एसएसबी टीम के साथ नो मेंस लैंड तक गश्त की। इस दौरान उन्होंने सीमावर्ती गावों व सीमा से लगी पगडंडियो की सुरक्षा व्यवस्था देखी और ग्रामीणों से जानकारी ली। गश्त के दौरान संयुक्त टीम ने नेपाल एपीएफ के जवानों के साथ भरथा, छोटकी सुइया के नो मेंस लैंड एरिया में पेट्रोलिंग की। थाना प्रभारी ने बताया कि संयुक्त पेट्रोलिंग का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखना, अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना व आमजन में सुरक्षा की भावना को सुदृढ़ करना है। संयुक्त कार्रवाई से सीमा क्षेत्र में सतर्कता व निगरानी और अधिक प्रभावी हुई है।

### सम्मानित हुए पंचायत सहायक व किसान

**श्रावस्ती, अमृत विचार।** नव निर्माण के नौ वर्ष कार्यक्रम के छठे दिन सोमवार को विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। इसमें पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रकाश त्रिपाठी व एसडीएम प्रवीण यादव ने नव चयनित नौ पंचायत सहायकों व पांच अन्य पंचायत सहायकों को उनके उत्कृष्ट कार्य हेतु प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान उद्यान विभाग से पांच किसानों को बेहतर उत्पादकता के लिए प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इससे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दद्दन मिश्र ने विभिन्न विभागों की ओर से लगाए गए स्टॉल का निरक्षण किया। इस मौके पर पीडी अश्वनी कुमार, जिला उद्यान अधिकारी बाली शरण चौधरी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुनील प्रियदर्शी, जिला समन्वयक हरिगेन्द्र वर्मा, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक सहित अन्य मौजूद रहे।

# गुणवत्ता परक हो समस्याओं का समाधान

संवाददाता, बहराइच

**अमृत विचार।** सम्पूर्ण समाधान दिवसों की कड़ी में आज तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने पुलिस अधीक्षक रामनयन सिंह, उप जिलाधिकारी/ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद (आईएएस) व अन्य अधिकारियों के साथ जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए अधिकारियों को समयबद्धता के साथ गुणवत्तापरक निस्तारण के निर्देश दिए।

डीएम ने सभी सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पूरी संवेदनशीलता के साथ जनसमस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापरक निस्तारण किया जाये। डीएम ने कहा कि निस्तारण की कार्यवाही इस प्रकार की जाय कि फरियादी निस्तारण की कार्यवाही से संतुष्ट हो सके। डीएम ने निर्देशित किया जनसुनवाई में आने वाले सभी गरीब, ज़रूरतमन्द तथा असहाय लोगों की समस्याओं का समाधान किया जाये तथा उनकी पात्रता के अनुसार योजनाओं से लाभान्वित करें। इस अवसर पर डीएसओ नरेन्द्र तिवारी, जिला गन्ना अधिकारी आनन्द शुक्ला, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्रद्धा पाण्डेय व अन्य जिला स्तरीय अधिकारी, बीडीओ, बीईओ, सीडीपीओ व थानाध्यक्ष मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि तहसील सदर में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त 15 में 01, मिहींपुरवा (मोतीपुर) में 17 में 02, कैसरगंज में 15 में 02, पयागपुर में 18 में 04, महसी में 26 में 02, तथा तहसील नानपारा में प्राप्त 11 प्रार्थना-पत्रों में से 02 का निस्तारण मौके पर किया गया।


समाधान दिवस में शिकायतें सुनते डीएम व एसपी। अमृत विचार

- सदर में आयोजित समाधान दिवस में डीएम ने दिए निर्देश

**एएसपी ने सोनवा थाने का किया वार्षिक निरीक्षण, वीरगंज (श्रावस्ती):** अपर पुलिस अधीक्षक मुकेश चंद्र उत्तम ने सोमवार को थाना सोनवा का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण करने पहुंचे एएसपी को सम्मान गार्द की ओर से सलामी दी गई। इसके बाद उन्होंने थाना कार्यालय में विभिन्न जरूरी अभिलेखों की जांच की व उनके रखरखाव की गुणवत्ता परखी। इसके साथ ही उन्होंने रजिस्टर नंबर-आठ, अपराध रजिस्टर, एक्टिव लिस्ट, बीट सूचना रजिस्टर, फ्लाई शीट रजिस्टर, बीपीओ रजिस्टर, शस्त्र सत्यापन रजिस्टर, आगंतुक रजिस्टर, प्रार्थना पत्र एवं न्यायालय आर्डर बुक सहित अन्य अभिलेखों की जांच की। उन्होंने थाना परिसर, सीसीटीएनएस कार्यालय, साइबर हेल्प डेस्क व मिशन शक्ति केन्द्र का भ्रमण कर जायजा लिया। बंदीगृह, शस्त्रागार, मालखाना, आरक्षी बैरक व भोजनालय का निरीक्षण कर जरूरी निर्देश दिए।

# गल्ला मंडी में जलभराव से हालात हुए बदहाल

जरवलरोड (बहराइच)

**अमृत विचार।** गल्ला मंडी में जलनिकासी व्यवस्था पूरी तरह चरमराई हुई है, जिससे मुख्य बाजार मार्ग पर लगातार जलभराव बना हुआ है। बिना बारिश के भी सड़क पर गंदा पानी जमा रहने से राहगीरों, व्यापारियों और स्थानीय निवासियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।


गल्ला मंडी में सड़क पर फैला दूषित पानी।

बताया जा रहा है कि बाजार के रिहायशी मकानों से निकलने वाला दूषित पानी सीधे सड़क पर बह रहा है। पुराना नाला जाम होने के कारण पानी की निकासी नहीं हो पा रही है, वहीं बाजार के बाहर नए नाले का निर्माण न होने से समस्या और गंभीर बनी हुई है। इसके चलते सड़क पर कीचड़, गंदगी और दुर्गंध का माहौल बना रहता है।

इस समस्या का असर धार्मिक स्थलों पर आने-जाने वाले श्रद्धालुओं पर भी पड़ रहा है। पास स्थित मस्जिद में नमाज अदा करने वाले नमाजी और दुर्गा मंदिर में नवरात्र पूजा-अर्चना करने वाले भक्तों को दूषित पानी के कारण लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। विशेषकर नवरात्र जैसे पर्वों के दौरान यह समस्या आस्था पर भी असर डाल रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले तीन वर्षों से जनप्रतिनिधियों और प्रशासन से नाला निर्माण की मांग की जा रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। समस्या जस की तस बनी रहने से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है।

इस संबंध में प्रधान प्रतिनिधि मनोज राव का कहना है कि बाजार के अंदर नाली बनी हुई है, लेकिन बाहर निकासी के लिए नाला नहीं है। जब तक बाहर नाला नहीं बनेगा, तब तक पानी की समस्या का समाधान संभव नहीं है।

## आयोजन

शहीद दिवस पर हुए विभिन्न कार्यक्रमों ने बच्चों ने किया प्रतिभाग

# युवाओं ने रैली निकालकर स्वच्छता व देशभक्ति के प्रति किया जागरूक

जमुनहा (श्रावस्ती)

**अमृत विचार।** बिंद्रा प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जैता जानकीनगर में सोमवार को शहीद दिवस पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मेरा युवा भारत कार्यक्रम के तहत रैली भी निकाली गई।

शहीद दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक यशवंत कुमार वर्मा व जिला युवा अधिकारी नवनीत कुमार ने महान क्रांतिकारी भगत सिंह के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर किया। इस दौरान स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें प्रतिभागियों ने आसपास के क्षेत्रों की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इस दौरान युवाओं ने स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का संकल्प लिया। साथ ही जागरूकता रैली निकाल कर स्वच्छता एवं देशभक्ति के प्रति जागरूक किया। इस मौके पर बच्चों के मध्य भगत सिंह के जीवन एवं उनके आदर्शों पर आधारित भाषण प्रतियोगिता व गोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें मानसी मिश्रा प्रथम, अनामिका मिश्रा द्वितीय, जिलेदार यादव तृतीय स्थान पर रहे। रील प्रतियोगिता में शशांक मिश्रा प्रथम, मोहम्मद उमर द्वितीय स्थान पर रहे। जिन्हें युवा मंडल अध्यक्ष प्रीतम मिश्रा ने सम्मानित किया। इस मौके पर लव कुमार वर्मा, विनोद कुमार मिश्रा, राजेश कुमार सहित अन्य मौजूद रहे।



शहीद दिवस पर रैली निकलते बिंद्रा प्रसाद उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के छात्र।

### व्यक्तित्व निखारने का काम करते हैं एनएसएस शिविर: विनय

**बहराइच।** किसान पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के विशेष शिविर का समापन समारोह रविवार को कॉलेज परिसर में आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रोफेसर विनय सक्सेना रहे। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर विद्यार्थियों के व्यक्तित्व को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज विद्यार्थियों को पुस्तकीय ज्ञान के साथ-साथ व्यवहारिक ज्ञान भी प्रदान करता है। इसके लिए एनसीसी, एनएसएस तथा रोवर्स-रेंजर्स के विशेष शिविर आयोजित किए जाते हैं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में एक विशेष प्रतिभा होती है, जो इस प्रकार के आयोजनों में निखरती है। कार्यक्रम की शुरुआत एनएसएस गीत से हुई। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीडी सिंह विसेन ने शिविर की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की, जबकि डॉ. श्रेयात ने कार्यक्रम का संयोजन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नीरज पांडेय ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



एनएसएस के विशेष शिविर में मौजूद बच्चे व शिक्षक।

